

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-08 सीहोर, बुधवार 19 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना



# डंपर और पिकअप वैन में भिड़ंत, पांच की मौत, 12 घायल



भिंड (ए)। जिले के जवाहरपुरा गांव के पास नेशनल हाइवे 719 पर दर्दनाक हादसा हो गया है। डंपर और पिकअप वैन की भिड़ंत में 5 की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल है। इन्हे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मंगलवार सुबह करीब पांच बजे हुई, जब कुछ लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। इनमें से कुछ लोग वैन में बैठे थे और कुछ सड़क पर खड़े थे, तभी अचानक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने उन्हें और उनके वाहन को टक्कर मार दी।भिंड जिले के एसपी असित यादव ने बताया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। एसपी ने बताया कि वह अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंचे। घटना को अंजाम देने के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया है।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हादसे को अंजाम देने वाले डंपर को कब्जे में लेकर दुर्घटनाग्रस्त वैन को सड़क से हटवाया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## कुछ करने का समय आ गया , यूट्यूब पर अश्लील सामग्री से निपटने के लिए केंद्र को सुप्रीमकोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (18 फरवरी) को एक यूट्यूब शो के दौरान कथित रूप से अशोभनीय और अश्लील टिप्पणी करने के लिए सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को लेकर उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण तो दे दिया लेकिन उन टिप्पणियों के लिए इलाहाबादिया की कड़ी आलोचना भी की। इसी दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यूट्यूब पर अश्लील सामग्री से निपटने के लिए कुछ करने का समय आ गया है। कोर्ट ने इस बाबत सख्त कदम उठाने और नियम बनाने के लिए केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यूट्यूब पर अश्लील सामग्री के नियमन की वकालत की और इस बात पर जोर दिया कि कुछ करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि यूट्यूबर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नियमन की कमी का दुरुपयोग कर रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अगर सरकार यूट्यूब पर ऑनलाइन सामग्री को विनियमित करने के लिए कदम उठाने की योजना बना रही है तो पीठ को बहुत खुशी होगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और कतर के बीच समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान के साक्षी बने।

## राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिरने की घटना से सुरक्षा एजेंसियां में अलर्ट

### मंदिर की सुरक्षा को बढ़ाया गया

अयोध्या (ए)। अयोध्या में राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिरने की घटना से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह ड्रोन 3 नंबर गेट के पास उड़ रहा था, तभी एंटी-ड्रोन सिस्टम की मदद से मार गिरा दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ने जांच शुरू कर दी गई है।सोमवार शाम जब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रामलला दर्शन के लिए आई थी, तभी मंदिर परिसर में एक ड्रोन गिरने की घटना सामने आई। पुलिस ने तुरंत ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह आशंका है कि भीड़ में भगदड़ मचाने के मकसद से यह हरकत की गई हो।जानकारी के अनुसार, मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है कि ड्रोन गिराने की यह घटना किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं है। मामले की गंभीरता को देखकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है।वहीं अब मंदिर परिसर में एंटी-ड्रोन सिस्टम का ट्रायल तेज किया गया है। इसके अलावा, मंदिर की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने ड्रोन उड़ाकर किया शहरी भूमि सर्वेक्षण

-''नक्शा''कार्यक्रम से शहरी नियोजन को मिलेगा बढ़ावा, भूमि संबंधी विवादों में आएगी कमी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

-नक्शा'' कार्यक्रम शहरी भूमि रिकाड्‌र्स के निर्माण और प्रबंधन में लायेगा क्रांति : केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज रायसेन की धरती से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार की यह पहल शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त और उनके जीवन को आसान बनाएगी। साथ ही शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा''के राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है। नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण



और आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की है। हर भूखण्ड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रमुखता से काम किया जा रहा है। किसान भाइयों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी मिलने से उत्पादकता में वृद्धि होती है, हमारे किसान भाइयों की आय बढ़ रही है। इस वर्ष 2600 रू क्विंटल के मान से किसानों से गेहूँ उपार्जित किया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। नवीन कारखाने स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दस से अधिक गाय का पालन करने वाले गौपालकों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा हमारी माताओं-बहनों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। हमारा मध्यप्रदेश हरित प्रदेश है।

## महाकुंभ में 55 करोड़ के पार श्रद्धालुओं की संख्या

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 अब इतिहास रच चुका है। यहां अब तक 55 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 55 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है।एक अनुमान के मुताबिक, भारत में कुल 110 करोड़ सनातनी निवास करते हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में देश के आधे सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 60 करोड़ से भी ज्यादा हो सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है।भारत एक धार्मिक देश है।





पूर्व उपराष्टपति वेंकैया नायडू ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

## *कांग्रेस नेता अतुल लोंढे ने मुख्य चुनाव आयुक्त को बताया 'कव्वालीवाला', कहा- जल्दबाजी में हुई नियुक्ति*

*मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता अतुल लोंढे ने देश के नव नियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कव्वालीवाला कहा है। साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को शेर-ओ-शायरी वाला भी बताया।अतुल लोंढे ने कहा, शेर- ओ- शायरी वाला गया और कव्वालीवाला आ गया। संभावना है कि सरकार की इच्छा के अनुरूप काम होता रहेगा। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं, जिन पर सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय ने 19 फरवरी की तारीख तय की है। इस मामले पर बात करते हुए अतुल लोंढे ने आगे कहा, जिस तरह सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है, उसके बाद क्या नतीजा निकलेगा, इसका किसी को अंदाजा नहीं है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले जल्दबाजी में यह बैठक की गई और उच्चतम न्यायालय की 19 तारीख की सुनवाई की अनदेखी की गई, जो संविधान और राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ है।*

## आप नेता सत्येंद्र जैन की बढ़ी मुश्किलें, राष्ट्रपति ने गृह मंत्रालय को मंजूरी दी, ईडी जल्द कर सकती है गिरफ्तार



नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राष्ट्रपति ने गृह मंत्रालय को उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस चलाने की अनुमति दे दी है, जिससे अब प्रवर्तन निदेशालय उनकी गिरफ्तारी की तैयारी कर सकती है। सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। सत्येंद्र जैन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने 2015-2016 में फर्जी कंपनियों के जरिए कथित तौर पर 16.39 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग की थी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया था।

वहीं, 18 अक्टूबर को दिल्ली की एक अदालत ने सत्येंद्र जैन को जमानत दे दी थी। अदालत ने उन्हें जमानत देते हुए 'ट्रायल में देरी' और 'लंबे समय से कै़द' में होने का जिक्र किया था।उधर, ईडी ने अदालत में जैन की जमानत का विरोध कर कहा था कि अगर उन्हें जमानत दी गई, तो वह मामले से संबंधित गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने अदालत के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे सत्य की जीत और भाजपा की साजिश की हार बताया था।

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला ब्रिटिश नागरिक मिशेल जेम्स को मिली जमानत

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में ब्रिटिश नागरिक मिशेल जेम्स को बड़ी राहत मिली है। जेम्स को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने सशर्त जमानत देते हुए कहा है कि मिशेल को पासपोर्ट को रिन्यू करके सरेंडर करना होगा। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई के मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया था।

इसके खिलाफ मिशेल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। मिशेल को 2018 में दुबई से भारत प्रत्यर्पित किया गया था और तब से वह हिरासत में हैं।




## ट्रेन में बम की सूचना से मचा हड़कंपः यात्रियों को गाड़ी से नीचे उतारा

सागर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सागर से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां सागर रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। जिसके बाद ट्रेन को बीना रेलवे स्टेशन पर ही रोक दिया गया। गाड़ी के एक एक डिब्बे की तलाशी ली जा रही है। सागर से बम निरोधक दस्ता भी बीना के लिए रवाना हो गया है। सागर के बीना रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया। जब कामयानी एक्सप्रेस ट्रेन में बम की सूचना मिली। जिसके बाद मानों अफ्रा-तफ्री मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। यात्रियों को ट्रेन से बाहर निकाला और एक एक डिब्बे की तलाशी ली गई। हालांकि अभी तक कुछ मिला नहीं है।स्टेशन के अंदर यात्रियों को जाने से रोका जा रहा है। बम की जानकारी पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इधर, आजमगढ़ से भी बम स्क्वायड पहुंच रहा है।

# इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, गिरफ्तारी से दी राहत

**-कहा आप लोगों के माता-पिता को बेइज्जत कर रहे हैं, यह गदे दिमाग की उपज**



मुंबई,(ए)। यू-ट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस बीच कोर्ट ने उन्हें जमकर फटकार लगाई। हालांकि कोर्ट ने रणवीर को गिरफ्तारी से राहत दी है और निर्देश दिया है कि वे जांच में शामिल हों। इसके अलावा संबंधित एपिसोड पर अब कोई और एफआईआर नहीं दर्ज की जाएगी।वहीं, सुप्रीम कोर्ट में रणवीर के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने कहा कि कई राज्यों में मामले दर्ज हैं। उनकी जान को खतरा है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आप लोगों के माता-पिता को बेइज्जत कर रहे हैं। यह गंदे दिमाग की उपज है। आपके पास भारी संपत्ति है। दो अलग एफआईआर का आप बचाव कर सकते हैं। हम एफआईआर क्यों क्लब करें। जांच और मुकदमा आपके मुताबिक नहीं चलाया जा सकता। अगर आपको खतरा है, तो यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और आप शिकायत करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको कैसे व्यवहार करना चाहिए, ये आपको पता हैज्अश्लीलता क्या है आपको पता है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सिर्फ दो एफआईआर है। एक मुंबई में है और दूसरी गुवाहाटी में हैं। दोनों एफआईआर भी समान नहीं है। दोनों में अलग आरोप हैं। ऐसे में एकसाथ सुनवाई की मांग कैसे की जा सकती है। रणवीर के वकील चंद्रचूड़ ने जुबान काटने के एवज में 5 लाख के ईनाम का हवाला दिया। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब आप ऐसी सस्ती पॉपुलेरिटी चाहेंगे तो लोग धमकी तो देंगे ही। आपकी भाषा से अच्छी उसकी भाषा है। आपने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है उससे माता-पिता, अभिभावक और पूरा समाज क्षुब्द होगा।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर को झटका भी फटकार भी, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जेल बदलने की याचिका

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ठग सुकेश चंद्रशेखर की जेल बदलने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सुकेश की शिकायत दिल्ली सरकार के खिलाफ थी। अब व्यवस्था बदल जाने के कारण यह शिकायत खत्म हो गई है। पीठ ने कहा कि 'सुकेश को पहले दिल्ली सरकार से शिकायत थी, लेकिन अब सरकार बदल चुकी है, फिर उन्हें परेशानी नहीं होनी चाहिए।' पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास पैसे हैं खर्च करने के लिए तो क्या आप बार-बार कोशिश करते रहेंगे? यह कानून का दुरुपयोग है। आप कैसे एक ही याचिका को बार-बार दायर कर सकते हैं?' सुप्रीम कोर्ट ने सुकेश की याचिका को कानून का दुरुपयोग बताया। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि सुकेश की ओर से पहले दायर की गई इसी तरह की याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है।



# जीआईएस में प्रधानमंत्री श्री मोदी लांच करेंगे प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक नीतियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भोपाल आने वाले सभी निवेशक हमारे विशेष अतिथि उनका स्वागत भारतीय परम्परा से करें

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के सुव्यवस्थित बेहतर आयोजन के लिए गठित शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे दो दिवसीय जीआईएस का शुभारंभ कर मध्यप्रदेश की सभी नवीनतम औद्योगिक नीतियों की लॉन्चिंग भी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जीआईएस परिसर में स्थापित किये जाने वाले एमपी एक्सपीरियंस जोन का अवलोकन भी करेंगे। इस जोन में इमर्सिव डिजिटल वॉक-M के रूप में मध्यप्रदेश की विरासत, अब तक की प्रगति और भावी आकांक्षाओं का समन्वित संयोजन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस को भव्य, सुव्यवस्थित और परिणामदायी बनाने के लिए सभी विभाग बेहतर समन्वय एवं सामंजस्य से कार्य करें।

**आयोजन को बनाएं ऐतिहासिक**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इसीलिए आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जायें। जीआईएस के आयोजन में प्रबंधन संबंधी कोई भी कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि



निवेशकों को सहज आकर्षित करने के लिए राज्य की सभी निवेशक हितैषी औद्योगिक नीतियों, म.प्र. में उद्योगों के लिए उपलब्ध व्यापक अधोसंरचनाओं और संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने के लिए निवेशकों को वांछित सभी जरूरी सहायता एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

**देश-विदेश से आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस में देश-विदेश से भोपाल आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि हैं, इसलिए उनका स्वागत व अभिनंदन विशुद्ध भारतीय आतिथ्य परम्परा से किया जाए। इन दो दिनों को स्मरणीय बनाने के लिए मध्यप्रदेश की संस्कृति, यहां की सत्कार परम्परा, विभिन्न कला उत्पादों सहित यहां के ख़ान-पान, व्यंजन आदि का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाए, जिससे निवेशक दो दिन मध्यप्रदेश में रहने के शानदार अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने भोपाल के तालाबों एवं पूरे शहर का आकर्षक सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी झील में पाल-नौकायन और ई-बैटरी से चलित नौकाओं का संचालन किया जाए, जिससे निवेशक और दूसरे प्रतिभागी भोपाल के अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ ले सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नया आयाम मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने निवेशकों को बेहतर सुविधाएं देने और सुगम प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जीआईएस में 60 से अधिक देश के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें जिम्बाब्वे के उप मंत्री सहित 10 देशों के राजदूत, 8 देशों के उच्चायुक्त, 7 देशों के काउंसलेट जनरल सहित कुल 133 विदेशी प्रतिभागी शामिल होंगे। जीआईएस में देश के प्रमुख उद्योगपतियों सहित भारत की अग्रणी कंपनियों को 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ भी प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। जीआईएस में 6 विभागीय सम्मेलन, 6 कंट्री सेशन एवं 10 सेक्टोरल सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। बताया गया कि जीआईएस में अब तक विभिन्न श्रेणियों में 31 हजार 659 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 18 हजार 736 से अधिक प्रतिभागियों ने भोपाल आने की सहमति भी दी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जीआईएस आयोजन परिसर में ही जिला-एक उत्पाद श्रेणी के सभी उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए एक पूरा गांव तैयार किया जा रहा है। परिसर में पारम्परिक मिट्टी के बर्तनों, टेराकोटा हस्तनिर्मित मिट्टी की कलाकृतियां एवं म.प्र. की प्रख्यात मूर्तिकला के शिल्पों का भी विशेष प्रदर्शन किया जाएगा।

## राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भेल क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए लागत की सड़कों के डामरीकरण का किया भूमि पूजन

भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि-पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गोविंदपुरा के नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए हम सतत कार्य कर रहे हैं। निरंतरता के साथ क्षेत्र की प्रगति के कार्य जारी हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों से कहा कि सड़क मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता से करें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने महात्मा गांधी चौराहा से पिपलानी पेट्रोल पंप तक 2 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण कार्य जिसकी लागत 1 करोड़ 61 लाख रुपए है और चेतकब्रिज चौराहा से अवधपुरी रोड तक 4 किलोमीटर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

## टेलीग्राम ग्रुप्स में जुड़कर पेपर खरीदने से परीक्षा में फेल होने का खतरा

### - साइबर फ्रॉड गैंग नकली पेपर बेचकर करती है ठगी

भोपाल(ए)। प्रदेश में दसवीं, बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर फर्जी पेपर बेचकर छात्रों के साथ ठगी करने वाले सायबर ठगोरे भी सक्रिय हो गए है। राजधानी भोपाल की सायबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है की कि छात्र किसी भी टेलीग्राम ग्रुप पर बेचे जा रहे पेपर को खरीदने से बचें। सायबर क्राइम ब्रांच के एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा के समय साइबर फ्रॉड गैंग भी एक्टिव हो जाती हैं। और टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिये नकली पेपर बेचकर पैसो की ठगी करते हैं। इन ग्रुप्स में हजारों लोग जुड़े होते हैं, जिनमें कई छात्र भी शामिल होते हैं। अधिकारियो ने आगे बताया की टेलीग्राम ग्रुप्स में जुड़कर पेपर खरीदने से न केवल परीक्षा में फेल होने का खतरा बढ़ सकता है, बल्कि छात्रों का करियर भी दांव पर लग सकता है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के जरिये इस तरह की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह पर लगातार नजर रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। भोपाल साइबर क्राइम के पास कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिए फर्जी पेपर बेचने की जानकारी सामने आई है। साइबर टीम ने टेलीग्राम पर सक्रिय एमपी बोर्ड पेपर लीक, सप्लीमेंट्री पेपर लीक, एमपी बोर्ड पेपर लीक 2025, एमपी बोर्ड पेपर लीक 2024-25 और एमपी बोर्ड क्लास 12 पेपर 2025 नाम के पांच ग्रुप्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ऐसे ग्रप्स पर झांसा दिया जा रहा है, कि हमारे ग्रुप में शामिल होने पर आपको आपकी परीक्षा से संबंधित टॉप 35 प्रश्न देंगे और कुछ टॉप 50 प्रश्न देंगे, जिनमें से 70-80 प्रतीशित आपके पेपर में आएंगे। हमारे ग्रुप में शामिल होने की फीस 350 रुपए है। जिसका भुगतान करने पर आपको सुविधा प्रदान की जायेगी। पुलिस ने टेलीग्राम से उनके संबध में जानकारी मांगी है, जिसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है की पिछले साल भी इस तरह की शिकायतों के आधार पर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## जीएसटी का अंश निकायों को भी आदर्श अनुपात अनुसार मिले : विभा पटेल

**-सत्ता पक्ष के दबाव से निकायों की हालत खस्ता**

**-भाजपा के कारण निकायों में भ्रष्टाचार बढ़ा**



भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश पूर्व महापौर संघ अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि राज्य सरकार को जीएसटी का अंश नगरीय निकायों को उनकी आबादी के अनुपात अनुसार देना चाहिए। ये आदर्श व्यवस्था तुरंत लागू की जाए। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह शासन काल में महापौर और महापौर परिषद समेत नगरीय निकायों को अधिकार और शक्ति संपन्न बनाया गया था लेकिन भाजपा शासनकाल में उन्हें दिए गए अधिकार अघोषित रूप से वापस ले लिए गए हैं। श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि दिग्विजय सिंह शासन काल में सत्ता विकेंद्रीकरण करके निकायों को सशक्त किया गया था। श्रीमती विभा पटेल ने इंदौर में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई के सम्मेलन में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के टैक्स लगाने के परामर्श पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि नागरिकों पर उतना ही कर बोझ डाला जा सकता है, जो उनकी क्षमतानुसार हो। मौजूदा स्थिति ये है कि अधिकांश नगरीय निकायों की सत्ता पक्ष की लगातार दखलअंदाजी से वित्तीय स्थिति खराब है। लगातार भ्रष्टाचार होने से उनका संस्थागत ढांचा चरमराया हुआ है। श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि इस समय नगरीय निकायों को पूर्व की तरह शासन से विभिन्न परियोजनाओं को पूरा करने वित्तीय मदद नहीं मिल रही है। नगरीय निकायों के हक को भाजपा सरकार ने छीन रखा है। श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार की सोच के कारण 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, के ज़रिए नगरीय निकायों को ज़्यादा अधिकार दिए गए थे। शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा मिला था। उन्हें कई तरह की ज़िम्मेदारियां सौंपी गईं लेकिन भाजपा सरकार ने पिछले 20 वर्षों में उनका हक वापस ले लिया। इस समय सभी बड़े-छोटे नगरीय निकायों में पारदर्शी प्रशासन और गुड गर्वेनेस नहीं है।

## परिचालनिक कारणों से भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस 18 से 28 फरवरी तक रहेगी निरस्त



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा अपरिहार्य परिचालनिक कारणों से भोपाल मंडल से संचालित होने वाली निम्नलिखित यात्री गाड़ी को उसके प्रारंभिक स्टेशन से अस्थायी रूप से निरस्त किया गया है— 1. गाड़ी संख्या 12197 भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस दिनांक 18 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 12198 ग्वालियर-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 18 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके यात्रा प्रारंभ करें।

## किसान ने जालसाजी कर एक ही जमीन दो लोगो को बेची

### -पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया मामला

भोपाल(ए)। शहर के खजूरी सड़क इलाके में किसान द्वारा जमीन बेचने के नाम पर जालसाजी किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है की किसान ने जमीन का सौदा प्रॉपर्टी ब्रोकर करते हुए एग्रीमेंट कर लिया था। इसके बाद भी उसने चालाकी करते हुए यही जमीन कीरब 75 लाख में दूसरे को भी बेच दी। जानकारी लगने पर फरियादी ने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन, कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई जिसके आदेश पर थाना पुलिस ने किसान



के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित आम वाली मस्जिद के पास रहने वाले मोहम्मद इब्राहिम हुसैन पिता इकबाल हुसैन ने बताया की वह प्रोग्रेसिव डेवकॉन मल्टी ट्रेड प्रायवेट लिमिटेड नाम से प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करते हैं। उन्होंने खजूरी सड़क स्थित फंदा के पास 0.75 एकड़ जमीन खरीदने का सौदा 1 मई, 2019 को जमीन के मालिक किसान मुन्नालाल मेवाड़ा से किया थी। सौदा 20 लाख 25 हजार रुपए में तय हुआ,बातचीत तय होने पर इब्राहिम हुसैन और मुन्नालाल मेवाड़ा की सहमति से दोनो के बीच एग्रीमेंट तैयार हुआ। जमीन मालिक मुन्नालाल मेवाड़ा ने उस समय 25 हजार रुपए एंडवास लिये और बाकी रकम 36 महीने से 60 महीने के बीच दिये जाना तय हुआ था। इस अनुबंध के आधार पर फरियादी इब्राहिम हुसैन ने 2021 तक चार लाख 76 हजार रूपए की रकम का भुगतान चैक और नकद देकर कर दिया। एग्रीमेंट साल 2024 तक के लिए प्रभावी था। लेकिन इसके बाद भी साल 2022 में किसान मुन्नालाल मेवाड़ा ने यही जमीन साहब खान को बेच दी।

## एलआईसी ने किया एकल कार्मिक कार्यालय (One Man Office) का अनावरण

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। एलआईसी ने आज अपनी सेल्स टीम को सशक्त बनाने और पॉलिसीधारकों को 24×7 डिजिटल माध्यम से निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों के रूप में अपने एजेंटों के माध्यम से एकल कार्मिक कार्यालय ( One Man Office) ऑनलाइन सेवा का अनावरण किया। एकल कार्मिक कार्यालय के माध्यम से एलआईसी का लक्ष्य अपने सेल्सफोर्स के लिए एक व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम प्रदान करना है, जिसमें एजेंट, विकास अधिकारी, वरिष्ठ व्यवसाय सहयोगी (SBA), मुख्य जीवन बीमा सलाहकार (CLIA), एलआईसी सहयोगी (LIC Associates) और चीफ़ ऑर्गनाइज़र (Chief Organizer) शामिल हैं, जो उनके दिन-प्रतिदिन के कार्यों में सहायता प्रदान करेगा उनकी दक्षता और उत्पादकता को मजबूत बनाएगा तथा हमारे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देना सुनिश्चित करेगा। यह सेवा 17-02-2025 को आरंभ की गई है। भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी, सिद्धार्थ महान्ति ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि यह जीवन बीमा को बढ़ावा देने और एलआईसी के ग्राहकों को कभी भी और कहीं भी सेवा प्रदान करने के लिए सेल्स फोर्स के हाथों में एक महत्वपूर्ण उपकरण होगा। यह 2047 तक सभी के लिए बीमा के उद्देश्य को प्राप्त करने में भी सहायक होगा। एकल कार्मिक कार्यालय (One Man Office) का उद्देश्य हमारे एजेंटों को पॉलिसियों की डिजिटल बिक्री, बिक्री के पश्चात ग्राहको को विभिन्न प्रकार की सेवाएं, अपने व्यवसाय पर नज़र रखने और उस हेतु प्रशिक्षण और ज्ञान पूल के रूप में कार्य करने में सहायता करना है। संक्षेप में, यह सेल्सफोर्स के हाथों में एक मोबाइल डिजिटल कार्यालय है और जिसे सभी व्यवसाय और सेवा आवश्यकताओं के लिए उपयोग में आसान एकल समाधान के रूप में विकसित करना है, जो उनके मोबाइल फोन के माध्यम से उपलब्ध होगा इस प्रकार यह उन्हें वास्तव में हर प्रकार से आत्मनिर्भर बना देगा। ये सेवाएं ग्राहकों को जोड़ने के लिए ANANDA प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रदान की जाती हैं और इसमें प्रीमियम कैलकुलेटर, लाभ चित्रण, E-NACH पंजीकरण, पते में परिवर्तन, ऑनलाइन ऋण अनुरोध, रिनीवल प्रीमियम भुगतान, दावा संबंधी आवश्यकताओं का प्रस्तुतीकरण आदि जैसी सुविधाएं होंगी। इसमें ग्राहकों के सहायतार्थ एजेंटों के लिए ज्ञान केंद्र, विभिन्न बीमा और स्वास्थ्य संबंधी कैलकुलेटर, कार्यालय लोकेटर, NEFT सर्च आदि भी होंगे।

## जन अभियानः वामपंथी दलों द्वारा वैकल्पिक बजट प्रस्तावों को केन्द्र सरकार के बजट में शामिल करने की मांग



भोपाल (निप्र)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी,मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी तथा अन्य वामपंथी दलों ने केन्द्र सरकार के वर्ष 2025 ट्ठ 26 के बजट में शामिल जन विरोधी प्रस्तावों को खारिज करते हुए जनहितकारी अपने वैकल्पिक बजट प्रस्तावों को बजट में शामिल करने की मांग की है। इस हेतु वामपंथी दलों के देश व्यापी जन अभियान के तहत भोपाल में 17 फरवरी को स्थानीय गांधी भवन में एक परिचर्चा आयोजित की गई।इस अवसर पर वामपंथी नेताओं ने केन्द्र सरकार के बजट के जन विरोधी प्रस्तावों की कड़ी भर्त्सना की तथा जनता की क्रय शक्ति ,रोजगार को बढ़ाने और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक सुरक्षा लाभों को सुनिश्चित करने संबंधी वामपंथी दलों के प्रस्ताव बजट में शामिल करने की मांग की । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मध्य प्रदेश के राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने प्रारम्भ में वामपंथी दलों के वैकल्पिक बजट प्रस्तावों की प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश के 200 अरबपतियों पर डॉलर में 4 प्रतिशत की दर से संपत्ति कर लगाया जाए और कॉर्पोरेट कर बढ़ाया जाए,कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए ,सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निजीकरण और सार्वजनिक संपत्तियों को निजी क्षेत्र की सौंपने की प्रक्रिया को रोका जाए ,बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को वापस लिया जाए ,मनरेगा का आवंटन 5 प्रतिशत बढ़ाया जाए,शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया जाए,वृद्धावस्था पेंशन और सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए केन्द्र सरकार का प्रावधान बढ़ाया जाए, जीडीपी का 3 प्रतिशत स्वास्थ्य क्षेत्र और 6 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र पर खर्च किया जाए ,सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए खाद्य सब्सिडी बढ़ाई जाए ,अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और महिला एवं बाल विकास क्षेत्र के लिए आवंटन में पर्याप्त वृद्धि की जाए ,राज्यों को मिलने वाले फंड और केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की जाए। भाकपा नेता कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने इस संबंध में नीति आयोग को समाप्त कर वर्ष 2014 तक स्थापित योजना आयोग को पुन: स्थापित करने की मांग की । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के मध्य प्रदेश राज्य कॉमरेड जसविंदर सिंह ने विस्तार से अपने वक्तव्य में केन्द्र सरकार के बजट में प्रस्तावित जन विरोधी प्रस्तावों और वंचित ,दलित ,आदिवासी तबकों के जीवन को संकट में डालने वाली नीतियों का उल्लेख किया । कॉमरेड जसविंदर सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का चरित्र जन विरोधी और भारत की आम जनता के जीवन को संकट में डालने वाला है ।भारत के लोक कल्याणकारी स्वरूप की रक्षा करने के लिए इस जन विरोधी बजट का व्यापक प्रतिरोध बेहद जरूरी है।

इस तारतम्य में अरुण डनायक पी एन वर्मा,सुरेन्द्र सिंह अर्गल,कमलेश गुप्ता और सुभाष शर्मा ने भी विचार कर कर केन्द्र सरकार के बजट के जन विरोधी प्रस्तावों को रेखांकित किया। परिचर्चा का संचालन और विषय प्रवर्तन कॉमरेड पी वी रामचंद्रन ने किया। अन्त में आभार कॉमरेड ए एच सिद्दीकी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में कॉमरेड गुण शेखरण,कॉमरेड ए टी पद्मनाभन , सुरेन्द्र जैन ,उपेन्द्र यादव ,दीपक पासवान ,एस एस शाक्य,मदन किशोर जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।


## आरडीएसएस में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को करें ब्लैक-लिस्ट

भोपाल (आरएनएस)।आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम) के कार्यों में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को वार्निंग देकर ब्लैक-लिस्ट करने की कार्यवाही करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अंतर्गत स्वीकृत आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने कहा कि स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा प्रतिमाह करें। आवश्यकतानुसार पेनाल्टी लगायें। उन्होंने अधिकारियों से भी पूछा कि कार्यों में देरी पर आपके द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पूरी तरह से पालन करना सुनिश्चित करें। बिजली खम्बों में निर्धारित रंग के साथ ही थिकनेस आदि पर कोई समझौता नहीं होना चाहिये। श्री तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पालन कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता की जाँच के लिये नियुक्त थर्ड पार्टी की रिपोर्ट की भी जाँच करें। गलत रिपोर्ट मिलने पर थर्ड पार्टी के विरुद्ध भी कार्यवाही करें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लग गये हैं, उनकी बिलिंग समय पर हो। देरी से बिलिंग होने पर बिल के स्लैब में परिवर्तन नहीं होना चाहिये। मध्य क्षेत्र में अभी तक एक लाख 22 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। श्री तोमर ने कहा कि विद्युत अवरोध के कारण सहित पूरी जानकारी सोशल मीडिया में डाली जाये। अच्छे कार्यों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें। जरूरत की सभी सामग्री सब स्टेशन स्तर तक उपलब्ध होनी चाहिये।

# परिचलनीय कारणों के चलते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान परिचालनिक कारणों से निम्न गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन तथा रीशेड्युलिंग करने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत है-

प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँ:- 1) 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर, पवन एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर-औंरिहार होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी आगमन/प्रस्थान समय 09:30/09:35 बजे रहेगा। 2) 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस,पवन एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया औंरिहार-जौनपुर-वाराणसी-जिवनाथपु-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी आगमन/प्रस्थान समय 02:30/02:35 बजे रहेगा। 3) 11033 पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 एवं 26.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर-औंरिहार होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी 15:50/15:55 बजे रहेगा। 4) 11034 दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस दिनाँक 21.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया औंरिहार-जौनपुर-वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी 06:40/06:45 बजे रहेगा। 5) 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जौनपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को



जाएगी। 6) 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना होकर गंतव्य को जाएगी। 7) 22129 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट, तुलसी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025, 23.02.2025 एवं 25.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-उरई-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी। 8) 22130 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, तुलसी एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025, 24.02.2025 एवं 26.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया अयोध्या कैंट-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-उरई-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी होकर गंतव्य को जाएगी। 9) 22683 यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस दिनाँक 24.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया ओहन-बांदा-भीमसे -कानपुर सेंट्र होकर गंतव्य को जाएगी। 10) 22684 लखनऊ-यशवंतपुर दिनाँक 20.02.2025 एवं 27.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-भीमसेन-बांदा-ओहन होकर गंतव्य को जाएगी। 11) 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 एवं 25.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-कानपुर सेंट्र -वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-भोपाल-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी। 12) 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस दिनाँक 24.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-भोपाल-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी। 13) 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, काशी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-भोपाल-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-जंघई होकर गंतव्य को जाएगी। 14) 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, काशी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया जंघई-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना=भोपाल-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी।

### प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से रीशेड्युलिंग एवं मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँ

1) 12293 लोकमान्य तिलक टर्मिनस -प्रयागराज जंक्शन, दुरंतो एक्सप्रेस दिनाँक 21.02.2025, 24.02.2025 एवं 28.02.2025 को यह ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 03 घंटे देर से चलेगी। 2) 12294 प्रयागराज जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस दुरंतो एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025, 22.02.2025 एवं 25.02.2025 को अपने मार्ग परिवर्तन वाया प्रयागराज-भीमसेन-खैरार-ओहन होकर गंतव्य को जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर यात्रा प्रारम्भ करें।

## जहर खाने से नवविवाहिता की मौत, मायके वालों ने ससुर को चप्पलों से पीटा

दमोह (ए.)। दमोह के अस्पताल में मंगलवार दोपहर एक नवविवाहिता की मौत हो गई। उसको अस्पताल में जहर खाने के बाद भर्ती कराया गया था। मौत के बाद मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की । मृतिका के ससुर को चप्पलों से पीटा गया। मायके वाले ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मृतका की मां जानकी देवी ने बताया कि छह महीने पहले जुलाई में वर्षा की शादी बंडा थाना के सिंगरोंन निवासी आकाश अहिरवार से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले बेटी वर्षा को परेशान करने लगे। करीब एक सप्ताह पहले यशोदा अपने चाचा के यहां गढ़ाकोटा में एक शादी समारोह में आई थी। सोमवार को यशोदा के पति आकाश ने फोन कर उसे वापस बुलाया। दोपहर तीन बजे देवर उसे लेने आया और यशोदा ससुराल चली गई। रात आठ बजे परिवार को सूचना मिली कि यशोदा ने जहर खा लिया है और उसकी मौत हो गई है। मृतका की मां का आरोप है कि यदि यशोदा ने वास्तव में जहर खाया था, तो उन्हें तुरंत सूचित किया जाना चाहिए था। ससुराल वालों ने पथरिया में इलाज कराया, लेकिन परिवार को सूचना नहीं दी। जिला अस्पताल में मौत के बाद ही उन्हें खबर की गई। मां का आरोप है कि यशोदा के पति और चाची ने उसकी हत्या की है। इन पर मामला दर्ज होना चाहिए। अस्पताल चौकी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। गढ़ाकोटा पुलिस से भी जांच में सहयोग मांगा गया है। नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पंचनामा किया गया। मृतका वर्षा अहिरवार के परिजनों ने मंगलवार दोपहर अस्पताल परिसर में ससुर की जूते-चप्पलों से पिटाई कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कोतवाली पुलिस को बुलाना पड़ा था।

## मासूम बच्ची और मां के छूकर निकली मौत, डॉक्टर की तेज रफ्तार कार ने 4 बाइक सहित चाय ठेले को उड़ाया

मैहर (ए.)। एमपी के के मैहर जिले में एक बड़ा हादसा होते होते टल गया है। यहां एक तेज रफ्तार कार अचानक रॉकेट की रफ्तार से आई और पास में खड़ी मोटरसाइकिल और सहित ठेलों को उड़ा दिया है। सामने से आ रही एक मासूम बच्ची और उसकी मां सही सलामत बच गए है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। पूरा मामला मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र में आने वाले मध्यांचल ग्रामीण बैंक के सामने का है। यहां एक डॉक्टर की तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक और चाय के ठेले को टक्कर मार दी। जिससे 4 बाइक और ठेले के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान एक मां और उसकी बेटी बाल-बाल बच गईं। यह हादसा सोमवार का है जब बैंक के सामने इलेक्ट्रॉनिक दुकान के ओपनिंग का कार्यक्रम चल रहा था। अब जाकर घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।



**कार्यक्रम में जा घुसी डॉक्टर की तेज रफ्तार कार**

मिली जानकारी मुताबिक अमरपाटन सिविल अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर शैलेश सिंह अपने घर से कार लेकर निकले थे। उनकी कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह सड़क पार करते समय नियंत्रण खो बैठे। उनके पास में चल रहे निजी कार्यक्रम में कार जा घुसी।

# सिंहस्थ निर्माण के कार्य हुए तेज, कहीं बनेगा अंडरपास तो कहीं रेलवे लाइन होगी बाईपास

उज्जैन (ए.)। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत सिंहस्थ बायपास मार्ग का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शांति पैलेस रोड शिप्रा ब्रिज, उसके पश्चात ग्राम सांवराखेड़ी का निरीक्षण किया गया। सांवरा खेड़ी में अंडरपास ब्रिज बनाए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के वक्त अफसरों को जानकारी दी गई कि यहां पर सिंहस्थ में बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

इसके पश्चात नागदा रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज, अंडरपास, जंक्शन और मोहनपुरा ब्रिज का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने कहा कि मोहनपुरा क्षेत्र सिंहस्थ में यातायात प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम नईखेड़ी मार्ग, नईखेड़ी स्थित रेलवे स्टेशन का निरिक्षण किया। कलेक्टर ने सिंहस्थ बायपास मार्ग परियोजना के अंतर्गत भू अधिग्रहण का कार्य तेज गति से किये जाने तथा टेंडर प्रक्रिया समाप्त कर कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह, संभागीय प्रबंधक एमपी आरडीसी एसके मनवानी व सहायक महाप्रबंधक एमपीआरडीसी दीपक कुमार शर्मा मौजूद थे।

**पिछले सिंहस्थ में बना था मार्ग, अब इसे चौड़ा करने की योजना**

उज्जैन सिंहस्थ बायपास मार्ग का निर्माण सिंहस्थ 2016 के अंतर्गत टू लेन विद पेव्हड शोल्डर किया गया था, जो इंदौर उज्जैन मार्ग के शांति पैलेस चौराहे से प्रारंभ होकर वर्तमान में उज्जैन-जावरा मार्ग के भैरवगढ़ पर समाप्त होता है। सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए इस मार्ग का फोर लेन- लंबाई 19.815 किलोमीटर में उन्नयनीकरण किया जाना प्रस्तावित है, जो उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत ग्राम सुरासा के समीप समाप्त होगा। इसमें 5 किमी ग्रीन फील्ड मार्ग बनाया जाना भी प्रस्तावित है जो ग्राम सुरासा पर निर्मित होगा। इस मार्ग के फोरलेन निर्माण हो जाने से आगामी सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन और यातायात प्रबंधन करने में शासन को सुविधा मिलेगी। इस मार्ग के अंतर्गत ग्राम नानाखेड़ा में होटल शांति पैलेस, ग्राम जीवनखेड़ी, सांवराखेड़ी, मंगरौला जियापुरा, मोहनपुरा , भीतरी चक, कोलू खेड़ी कालियादेह, सुरासा और ग्राम ढाबला रेहवारी आएंगे।

## रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस में महिला यात्री बेहोश, कुंभ यात्रियों की बढ़ती भीड़ के कारण दम घुटा

सतना (ए.)। शनिवार की तुलना में सोमवार को सतना जंक्शन पर कुंभ यात्रियों की भीड़ फिर से उमड़ आई। शाम के समय, जब रीवा-आनंद विहार ट्रेन स्टेशन पर आई, तो यात्रियों के बीच भारी भीड़ और धक्का-मुक्की देखी गई। इस दौरान एक महिला यात्री बेहोश हो गई और प्लेटफॉर्म पर गिर पड़ी। महिला को मिर्गी का दौरा पड़ा था। रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत उनकी मदद की, उन्हें पानी पिलाया और वीआईपी वेटिंग रूम में आराम करने के लिए ले जाया गया। करीब सवा 5 बजे रीवा-आनंद विहार ट्रेन जैसे ही आई, यात्री बोगियों में घुसने के लिए संघर्ष करने लगे। भीड़ की अधिकता के कारण कई यात्री अपनी सीट तो दूर, बोगी तक में नहीं घुस पाए। इसी ट्रेन से प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा थी, जो भीड़ का मुख्य कारण बनी। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत थी, और रेलवे एवं जिला प्रशासन ने पूरी तरह से भीड़ को नियंत्रण में रखा, ताकि कोई भी यात्री पटरियों में न जाए।

यह ट्रेन ही कुंभ यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण यात्रा है, जिससे प्रयागराज और अन्य स्टेशन जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलती है। गौरतलब है कि शनिवार को भी इसी ट्रेन में भगदड़ की स्थिति बन गई थी, जिसके कारण रविवार को ट्रेन को रद्द कर दिया गया था।

## भस्मक के पास आबादी क्षेत्र, पर्यावरण की चिंता के बगैर कचरा जलाने की तैयारी



इंदौर (ए.)। भोपाल की यूनियन कार्बाइट फैक्टरी से पीथमपुर लाए गए 337 टन कचरे का निपटान होना है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है। यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता चिन्मय मिश्र ने लगाई है। उनके वकील ने कोर्ट से कहा कि रामकी कंपनी के कचरा भस्मक के पास तारापुर गांव है। गांव के विस्थापन की सरकार ने कोई योजना नहीं बनाई। सरकार पर्यावरण की चिंता किए बगैर और तय मानकों का पालन किए बगैर कचरा जलाना चाहती है। सरकार ने कोई आपदा प्रबंधन के लिए भी काम नहीं किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शासन ने पूछा कि कचरा जलाने के दौरान यदि मौके पर कोई घटना होती है तो उसे रोकने के लिए क्या इंतजार किए है। अब शासन अगली सुनवाई पर अपना पक्ष रखेगा। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा कि सरकार कचरे के निपटान में पारदर्शिता नहीं बरत रही है।

पहले चुपचाप दस टन कचरा लाकर भस्मक में जलाया गया। उससे पहले 40 टन कचरे को वर्ष 2008 में इंदौर में कर्फ्यू लगने के दौरान लाया गया था और उसे रामकी फैक्टरी में लैंडफील कर दिया गया।

इस मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी की होगी। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि पीथमपुर में कचरे को दफनाने के बाद भू जल स्तर भी दूषित हुआ है। अब 337 टन कचरा भस्मक में जलाया जाएगा।

## जबलपुर में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, परिसर में हड़कंप

जबलपुर (ए.)। जबलपुर के सेंट गेब्रियल स्कूल में बम रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। स्कूल में बम प्लांट होने की यह धमकी प्रिंसिपल को ईमेल के माध्यम से दी गई। स्कूल में बम होने की खबर जैसे ही फैली अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। स्कूल में बम होने की धमकी उस समय दी गई, जब कुछ कक्षाओं में पढ़ाई चल रही थी। वहीं कुछ में परीक्षाएं हो रही थी।




## खास मौके पर रिलीज हुआ अभिनेता अक्षय कुमार का 'महकाल चलो' गीत, भक्ति में डूबे नजर आए खिलाड़ी कुमार

उज्जैन (ए.)। अक्षय कुमार का नया गाना "महाकाल चलो" 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के खास मौके पर रिलीज हुआ है, और यह गाना हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है। इस गाने में अक्षय कुमार भगवान शिव की भक्ति में पूरी तरह से डूबे हुए नजर आ रहे हैं। गाने के पोस्टर में वह शिवलिंग को पकड़े हुए हैं और महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दे रहे हैं। इस गाने के माध्यम से वह न केवल बाबा महाकाल के चमत्कारों को दिखा रहे हैं, बल्कि लोगों को भी महाकाल की भक्ति करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गाने का संगीत बहुत ही प्रभावशाली तरीके से तैयार किया गया है और इसमें महाकाल मंदिर, महाकाल लोक, और भगवान महाकाल का अभिषेक भी दर्शाया गया है।

## व्यापार समाचार

# बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग; सेंसेक्स 29 अंक टूटा, निफ्टी 22950 से नीचे



नई दिल्ली (ए.)। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कंपनियों की आय में मंदी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से मंगलवार को प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सपाट बंद हुए। सुबह से बाजार में जारी कमजोरी के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 29.47 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 75,967.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 465.85 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 75,531.01 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 14.20 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 22,945.30 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स के टॉप लूजर्स और टॉप गेनर्स शेयर कौन रहे?**

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी और एशियन पेंट्स सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। एनटीपीसी, जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक के शेयरों में तेजी रही। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 3,937.83 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

**बाजार में विदेशी बिकवाली की चिंता बरकरार**

स्टॉक्सबॉक्स के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक, चार्टर्ड मार्केट टेक्नीशियन, सीएफटीई, अमेय रणदिवे ने कहा, मंगलवार को भारतीय ब्लू-चिप इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी-50, मामूली गिरावट के साथ बंद हुए, जिसका मुख्य कारण आय में मंदी और चल रही विदेशी बिकवाली को लेकर चिंता थी, जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हुई। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार अधिकतर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को 'प्रेसिडेंशियल डे' के मौके पर अमेरिकी बाजार बंद रहे।

**ब्रेंड क्रूड में 0.73% की बढ़त**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.73 प्रतिशत बढ़कर 75.77 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को सेंसेक्स 57.65 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 75,996.86 पर बंद हुआ, जिससे आठ दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया था। निफ्टी 30.25 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़कर 22,959.50 पर पहुंच गया था।

## आंकड़े: निर्यात लगातार तीसरे महीने गिरा, जनवरी में 2.38 फीसदी घटा; सोने का आयात बढ़कर 2.68 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली (ए.)। पेट्रोलियम कीमतों में अस्थिरता और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण जनवरी में लगातार तीसरे महीने भारत का निर्यात 2.38 प्रतिशत घटकर 37.32 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सालाना आधार पर आयात 10.28 फीसदी बढ़कर 59.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे व्यापार घाटा बढ़कर 22.99 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान निर्यात 1.39 प्रतिशत बढ़कर 358.91 अरब डॉलर और आयात 7.43 प्रतिशत बढ़कर 601.9 अरब डॉलर हो गया। दस महीने की अवधि के दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 242.99 अरब डॉलर हो गया। आयात और निर्यात के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं। जबकि दिसंबर में घाटा 21.94 अरब डॉलर और पिछले साल जनवरी में 16.55 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, पूरी दुनिया में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निर्यात माल और सेवा दोनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। जनवरी में इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, चावल और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्र में बेहतर वृद्धि रही है। माल और सेवाओं का निर्यात वित्त वर्ष 2025-25 में 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 778 अरब डॉलर था।



## देश के मजबूत आर्थिक विकास में राजनीतिक स्थिरता का महत्वपूर्ण योगदान, तिमाही आय में सुधार की उम्मीद

नई दिल्ली(ए.)। भारत की आर्थिक वृद्धि दर में बहुत बड़ा हाथ राजनीतिक स्थिरता का है। इस स्थिरता का कारण राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग की मजबूत सरकार है। कुछ विधानसभा चुनावों में गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया। इससे बाजार का विश्वास बढ़ा है।

यह सफलता सरकार की नीतियों, आर्थिक सुधारों और जनता के विश्वास का नतीजा है। एक्सिस सिक्योरिटीज के मुताबिक, सरकारी खर्च में तेजी आने और निजी क्षेत्र में पूंजीगत खर्च में सुधार के कारण तिमाही आय में क्रमिक रूप से सुधार होने की उम्मीद है। बाजार ज्यादा मूल्यांकन के दौर में है और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने जनवरी के दौरान निवेश जारी रखा है। इस प्रकार, बाजार की दिशा बदलने में समय लगेगा और वर्ष के अंत तक यह नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

मौजूदा स्थितियों में बाजार से मिल सकता है दो अंकों में रिटर्न

मौजूदा बाजार स्थितियां निवेश करने और इक्विटी से दोहरे अंकों का रिटर्न हासिल करने का एक शानदार मौका पेश करती हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के साथ आर्थिक परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है। निकट भविष्य में, टैरिफ के खतरे से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

## SBI: 20% अमेरिकी टैरिफ से भारत की जीडीपी को 50 आधार अंकों का हो सकता है नुकसान, एसबीआई की रिपोर्ट में दावा



नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका की ओर से अपने व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया गया है। इससे भारत की चिंता भी बढ़ गई है। अमेरिका का बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अमेरिकी वस्तुओ पर अमेरिका की तुलना में अधिक टैरिफ वसूलता है। इसलिए अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर भी पारस्परिक टैरिफ लगाने की आशंका बढ़ गई है। बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर कितना टैरिफ लगाने का एलान करता है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ के असर के बारे में बताया है।

भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि अमेरिका भारत पर 20 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगाता है तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी को 50 आधार अंकों (बीपीसी) का नुकसान हो सकता है।

## रुपये की आने वाले समय में डॉलर के मुकाबले कैसी रहेगी चाल? बीओबी ने अपनी रिपोर्ट में बताया




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रुपया (आईएनआर) निकट भविष्य में डॉलर के मुकाबले 86.5 से 87.5 प्रति अमेरिकी डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकता है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से अपने हस्तक्षेप को सीमित रखने की संभावना है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक हालिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

रिपोर्ट कहा गया है कि मौजूदा समय में जब घरेलू स्तर पर तरलता की स्थिति तंग है, विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई का हस्तक्षेप सीमित रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, कठिन घरेलू तरलता स्थिति को देखते हुए आरबीआई का हस्तक्षेप सीमित रहने की संभावना है। हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में रुपये का कारोबार 86.5-87.5/डॉलर के दायरे में होगा।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच 6 फरवरी, 2025 को भारतीय रुपये में 87.58 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक तेज गिरावट देखी गई। हालांकि, पिछले सप्ताह कुछ वैश्विक चिंताओं के कम होने के कारण मुद्रा में लगातार सुधार हुआ।

अमेरिकी चुनावों के बाद रुपये पर दबाव शुरू हुआ, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल में शुरू की गई नीतियों, विशेष रूप से टैरिफ और करों से जुड़े फैसले ने डॉलर को मजबूत किया। इससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई, जिसका सीधा असर उभरते बाजार (ईएम) मुद्राओं पर पड़ा, जिसमें रुपया भी शामिल हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि शुरुआती उथल-पुथल के बावजूद अमेरिका की ओर से टैरिफ पर अपने रुख को नरम करने के बाद रुपया कुछ मजबूती हासिल करने में कामयाब रहा, इससे वैश्विक बाजारों को भी राहत मिली।

# बैंक डूबे तो जमा पर ? 5 लाख से अधिक बीमा कवर मिलेगा! वर्तमान सीमा बढ़ाने पर विचार कर रही सरकार




नई दिल्ली (ए.)। बैंकों के दिवालिया होने पर अब ग्राहकों को पांच लाख रुपये से ज्यादा की रकम मिल सकती है। इस बारे में केंद्र सरकार विचार कर रही है। इससे बैंक डूबने की स्थिति में ग्राहकों के जमा को सुरक्षा मिल सकेगी।


वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने सोमवार को कहा, जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) के तहत अभी प्रति बैंक प्रति जमाकर्ता को पांच लाख रुपये मिलते हैं।

नागराजू ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा, जब भी सरकार मंजूरी देगी, इसे अधिसूचित किया जाएगा। यह सरकार के पास विचाराधीन है।

पंजाब एंड महाराष्ट्र (पीएमसी) बैंक घोटाले के बाद 2020 में बीमा कवर की सीमा को सरकार ने एक लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया था। हाल में मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में घोटाला हुआ था। इसके 1.3 लाख जमाकर्ताओं में से 90 फीसदी की पूरी रकम बीमा के तहत कवर है।

डीआईसीजीसी आरबीआई की सहायक कंपनी है जो जमा पर बीमित रकम का देखरेख करती है। इसके तहत बचत खाते, फिक्स्ड, चालू खाते व आवर्ती जमा को कवर किया जाता है। डीआईसीजीसी को बीमा कवरेज के लिए बैंकों से प्रीमियम प्राप्त होता है। इसमें भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी वाणिज्यिक बैंक शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर घटाई, अक्तूबर 2020 के बाद पहली बार किया ऐसा



मेलबर्न (ए.)। ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने देश में मुद्रास्फीति कम होने के बीच मंगलवार को अक्तूबर, 2020 के बाद पहली बार अपनी प्रमुख ब्याज दर में कमी की। रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष की अपनी पहली बोर्ड बैठक में नकद दर को एक चौथाई प्रतिशत अंक घटाकर 4.35 फीसदी से 4.1 प्रतिशत कर दिया। दिसंबर तिमाही में मुद्रास्फीति सिर्फ 0.2 फीसदी और कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए 2.4 प्रतिशत बढ़ने के बाद कटौती का व्यापक अनुमान लगाया गया था। दो साल पहले वार्षिक मुद्रास्फीति 7.8 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर थी। बैंक मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत से तीन प्रतिशत के बीच के लक्ष्य दायरे में रखने के लिए ब्याज दरों में हेरफेर करता है। दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर चार प्रतिशत के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर रही, जो नवंबर में 3.9 फीसदी थी। दर में यह बदलाव प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की वामपंथी लेबर पार्टी सरकार के लिए एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है, जो 17 मई को होने वाले चुनावों में फिर से चुनाव लड़ेगी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अविश्वास प्रस्ताव के भय से इस्तीफा

पहली दफा मणिपुर के मुख्यमंत्री बने एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का राज्य में यह दूसरा कार्यकाल था, परंतु राज्य में हो रही हिंसा पर नियंत्रण रखने में नाकामयाब रहने के आरोप लग रहे थे। इसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट द्वारा जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका को लेकर आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता को लेकर सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगने के बाद ताजा विवाद शुरू हो गया। इतना ही नहीं, विपक्षी दल कांग्रेस विधानसभा सत्र के दौरान सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार थी।

बीते दो वर्षो से राज्य में मैतई समुदाय व कुकी जनजातियों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष से निपटने में सिंह असफल ही नहीं रहे। बल्कि उन पर मैतई विद्रोहियों के समर्थन का भी आरोप है। उनके दल के ही कुछ विधायकों के मुख्यमंत्री से खासा नाराज होने और विपक्ष के संपर्क में होने की चर्चा भी जोरों से है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को आनन-फानन यह निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा।

नाराज धड़ा यदि टूटकर विपक्ष के पाले में जा मिलता तो सरकार पर संकट आना लाजमी था। जो मोदी सरकार की फजीहत करने वाला साबित होता। इधर दिल्ली सरकार में पताका फहराने का जोश मन्दा भी नहीं पड़ा था कि हिंसा से झुलस रहे मणिपुर की सत्ता पर संकट गहराता भांपते ही स्थिर पर काबू करने के लिहाज से इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी गई। मणिपुर के अकेले चर्चित फुटबॉल खिलाड़ी रहे बीरेन पत्रकारिता में भी हाथ अजमा चुके हैं।खिलाड़ी और संपादक रहने के नाते उन्हें दांवपेंच का महारथी माना जाता रहा है। कुछ ही दिन पहले उनका कथित इस्तीफा भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसे फटा हुआ बताकर शरारत साबित करने की कोशिशें की गई थीं। सबसे लंबे समय तक वहां के मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी के सबसे करीबी रहने और उनसे राजनीतिक दांव-पेच सीखने वाले सिंह ने न सिर्फ उनसे बगावत की बल्कि पलटवार करते हुए सत्ता भी हासिल की।आशंका की जा सकती है कि सिंह अपने तेवर फिर दिखाने से चूकेंगे नहीं और सियासी घमासान में पुराना पैंतरा आजमाने से हिचक नहीं सकते। राज्य में शांति बहाली की प्राथमिकता को स्वीकरते हुए केंद्र को भीतरघात के प्रति चौकन्ना रहने के प्रति खास तवज्जो देनी होगी।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के रांची में प्रोजेक्ट बिल्डिंग में रांची विश्वविद्यालय के नए परिसर और रांची विज्ञान केंद्र के इनोवेशन लैब का शिलान्यास किया.

# पथरीली और बंजर जमीन हरी-भरी

**भारत डोगरा**

किसी भी किसान के लिए बहुत उत्साहवर्धक स्थिति है कि पथरीली और बंजर पड़ी भूमि हरी-भरी फसलों से मुस्कराने लगे और यह उत्साह आज राजस्थान के करौली जिले के अनेक किसानों में दिखाई दे रहा है।

मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है और बहुत सी जमीन पथरीली होने के साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अत- उनकी जमीन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बंजर पड़ा था।

इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और फिर श्रमदान करते हुए वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जल संकट को कुछ हद तक कम किया। आगे वे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल-स्रेतों से मिट्टी हटवा कर खेतों में डलवाई। इससे जल-स्रेत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा और खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेढ़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सब का मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ और विमला अपने हरे-भरे सब्जी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि 'सृजन' ने बीज, पौधों और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण द्वारा सहायता दी। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुनी मिल रही है। विविध सब्जियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है, जिससे आय भी होती है और पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर और मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है। इसी गांव के किसान मान सिंह बताते हैं कि 'सृजन' ने उनके जैसे कुछ किसानों को सोलर पंप सेट लगाने में सहायता दी और कुछ अन्य को सरकारी विभागों से यह सब्सिडी सहित प्राप्त करने में सहयोग भी दिया। इनके सोलर पंप बहुत कामयाब हैं और डीजल के खर्च में भी बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खचरे में बहुत कमी आई है।

इसी प्रखंड में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं, और नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है और थोड़ा सा आगे जाकर मध्य प्रदेश के मुरैना जिले या चम्बल क्षेत्र के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अत: यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते और बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत



से जमीन को समतल कर इस कठिन स्थिति को संभालते हैं। यहां 'सृजन' के प्रयासों ने किसानों की हिम्मत को बहुत बढ़ा दिया है। गांव की महिलाओं ने सामूहिक चर्चा में बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में जल-संरक्षण कार्य 'सृजन' की सहायता से हुए हैं जिससे जल-स्तर में सुधार हो रहा है। भूमि का समतलीकरण और मेढ़बंदी को भी बढ़ाया गया है और प्राकृतिक खेती का प्रसार किया गया है। ऐसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टेयर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है और इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता और उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों और सब्जियां सब हो रहे हैं। 'सृजन' के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी मजबूती का संबंध बना है और सिलाई की मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है। खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है और जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में पानी फसल के लिए लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए। इसी ब्लॉक में स्थित तीन पोखर गांव पथरीली भूमि और पानी की कमी के अतिरिक्त जंगली जानवरों के प्रकोप से त्रस्त रहा है।

यहां की बहुत कठिन स्थितियों को देखते हुए अनेक संस्थाओं ने जल-संरक्षण का कार्य किया। हाल के समय में 'सृजन' ने 8 पोखर बनवाए, 18 पोखरों को गहरा किया, मेढ़ पक्की की और अन्य सुधार किए। प्राकृतिक खेती का प्रसार किया और सरकारी सहायता प्राप्त करने में सहयोग किया। इसका असर यह हुआ है कि विकट परिस्थितियों और विशेषकर जंगली पशुओं संबंधी बढ़ती कठिनाइयों के बावजूद कुछ किसान बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने में जुटे हैं और खेत से पत्थर हटाने, समतलीकरण, उपजाऊ मिट्टी डलवाने के कार्य 'सृजन' जैसी संस्थाओं के सहयोग से कर रहे हैं। सपोटरा ब्लॉक में कैला देवी धार्मिक स्थल से आगे पहाड़ी वनीय क्षेत्र इस जिले में अधिक हैं। यहां के मार्ग बहुत कठिन हैं और गांव दूर-दूर तक बिखरे हुए हैं। ऐसे बड़े क्षेत्र प्राय- नजर आते हैं जहां सिंचाई मिलने से खेती हो सकती है पर पानी के अभाव में भूमि बंजर पड़ी है।

अपने सीमित संसाधनों के आधार पर 'सृजन' ने ऐसे अनेक गांवों को चुना है और बड़ी संख्या में पोखर बनवाए हैं या पहले से बने पोखरों का सुधार किया है और उनकी सफाई के दौरान प्राप्त मिट्टी से खेतों को अधिक उपजाऊ बनाया। रावतपुरा एक ऐसा ही गांव है जहां 'सृजन' ने वर्ष में लगभग 13 नये जल स्रेत या पोखर बनवाए और लगभग इतने ही पहले से बने पोखरों का सुधार भी किया। इस कार्य के फलस्वरूप लगभग 200 एकड़ बंजर भूमि पर खेती होने लगी और लगभग इतनी ही भूमि पर एक के स्थान पर दो फसल होने लगीं और उत्पादकता भी बढ़ गई। जहां पहले वष्रा आधारित धान होता था, वहां रबी की फसल में भी गेहूं, चने, सरसों का उत्पादन होने लगा। पहले अपना पेट भरने लायक अनाज भी किसान प्राप्त नहीं कर रहे थे, वहां अब व्यापारी गांव में आकर ही गेहूं, सरसों आदि खरीदने लगे। एक किसान देवी सिंह की लगभग आधी भूमि बंजर पड़ी थी पर अब इस भूमि पर भी खेती हो रही है, फसल लहलहा रही है।

किसान इन विभिन्न विकास कार्य में लगभग एक तिहाई आर्थिक सहयोग स्वयं देने को तैयार रहते हैं जबकि लगभग दो तिहाई सहयोग 'सृजन' की ओर से किया जाता है। जिन किसानों के लिए अपना सहयोग देना कठिन हो उनके लिए आपसी बातचीत से कोई समाधान निकाल लिया जाता है। इस तरह समुदायों के साथ नजदीकी भागेदारी से कार्य करते हुए और इस आधार पर जल-स्रेतों के निर्माण, पुराने जल-स्रेतों के सुधार, मेढ़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि के कार्य से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की बड़ी संभावनाएं उत्पन्न होती हैं। 'सृजन' के टीम लीडर भवानी सिंह के अनुसार पांच वर्षो के प्रयास में प्रखंडों में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती की प्रगति संभव हुई और 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नये पोखर बनाए गए। ग्रामीण समुदायों की उत्साहवर्धक भागेदारी प्राप्त हो जाने से यह कार्य बहुत कम बजट पर हो सका और इस तरह बंजर भूमि को हरा-भरा करने के इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

# यूरोप को राजनीतिक और कूटनीतिक झटके

**डॉ. दिलीप चौबे**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद राजनीतिक और कूटनीतिक झटके यूरोप में महसूस किए जा रहे हैं। जर्मनी के शहर म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के भाषण ने यूरोप के सत्ता प्रतिष्ठानों को हिला दिया है।


कुछ महीने पहले तक अमेरिका यूरोप के नेता एक ही सुर में बोलते थे। यूक्रेन युद्ध सहित अनेक विश्व मामलों में दुनिया को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के बजाय आग में घी डालने का काम किया। यूक्रेन, रूस और यूरोप को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वायदे के अनुसार कार्यकाल के आरंभ में ही युद्ध समाप्त कराने तथा शांति वार्ता आयोजित करने के संबंध में ठोस पहल की। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से लंबी बातचीत की। ट्रंप का शांति फार्मूला है यूक्रेन में तुरंत युद्ध विराम हो तथा बातचीत शुरू हो। रूस को भरोसा दिलाया जाए कि यूक्रेन को कभी पश्चिमी देश सैन्य संगठन नाटो एवं सदस्य नहीं बनाया जाएगा। वास्तव में कुछ वर्ष पहले यदि यह घोषणा की गई होती तो युद्ध शुरू ही नहीं होता। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग सेथ ने नाटो की बैठक में अमेरिका के इसी रवैये को दोहराया जो यूरोपीय सदस्य देशों को नागवार गुजरा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की खुलकर ट्रंप प्रशासन का विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि पर्दे के पीछे वह अमेरिका के खिलाफ यूरोपीय देशों की लामबंदी का प्रयास कर रहे हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का संबोधन यूरोप की सरकारों और नेताओं की नीतियों पर खुला प्रहार था। उन्होंने इन देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अपनाई जा रही पाखंडपूर्ण नीतियों की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूरोप को रूस और चीन सहित बाहरी शक्तियों के बजाय घरेलू ताकतों से असल खतरा है। जेडी वेंस ने आरोप लगाया कि यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने की कोशिश की जा रही है जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्तोरियस ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। वास्तव में आव्रजन, इस्लामी कट्टरवाद, गर्भपात, पर्यावरण और वैक्सीन आदि मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन तथा यूरोपीय नेताओं में मतभेद है।

पिछले चुनाव में अमेरिकी मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ ट्रंप को भारी जनादेश दिया था। ट्रंप प्रशासन अब इन्हीं नीतियों को अन्य देशों में फैलाना चाहता है। उपराष्ट्रपति वेंस का संबोधन ऐसे समय सामने आया है जब जर्मनी में आम चुनाव होने वाले हैं। चांसलर शोल्ज को कड़ी चुनौती का सामना है। यूरोप की अन्य देशों की तरह जर्मनी में भी आव्रजन और इस्लामी कट्टरवाद विरोधी राजनीतिक दलों की ताकत बढ़ रही है। जर्मनी के दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी दल एडीएफ की ताकत में इजाफा हो रहा है। मस्क एडीएफ का समर्थन कर रहे हैं। जर्मनी और यूरोप के अन्य देशों में यह धारणा बन रही है कि ट्रंप प्रशासन चुनाव में दखलअंदाजी कर रहा है।यह विडंबना है कि कुछ दिन पहले जो यूरोपीय देश अन्य देशों को अभिव्यक्ति की आजादी की नसीहत दे रहे थे, वे आज खुद कठघरे में खड़े हैं। वास्तव में पश्चिम का वर्चस्ववादी वौंकि तंत्र सूचना युद्ध पर टिका था। सूचना के सभी माध्यमों पर इन देशों का एकाधिकार था। किसी भी मुद्दे पर घरेलू और विदेशी मोर्चे पर जनमत का निर्माण करने के लिए इस सूचना तंत्र का इस्तेमाल किया जाता था।

ट्वीटर, फेसबुक और व्हाट्सएप आदि के प्रचलन के बाद लोगों को सूचना के वैकल्पिक माध्यम हासिल हुए। एलन मस्क ने ट्वीटर का स्वामित्व हासिल करने के बाद इसे आंतरिक सेंसरशिप से मुक्त किया। वास्तव में भारत पश्चिमी देशों के सूचना एकाधिकार के दुष्परिणाम का भुक्तभोगी रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहते रहे हैं कि भारत और उसकी सरकार की छवि खराब करने के लिए सुनियोजित अभियान चलाया जाता है। जयशंकर ने कुछ वर्ष पूर्व इसी म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि यूरोपीय देश यह मानते हैं कि इस महाद्वीप की समस्या विव्यापी है जबकि अन्य देशों की समस्याओं से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह स्थिति ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने प्रकारांतर से जयशंकर के तर्क को ही आगे बढ़ाया है।




मेष राशि- आज आपको लोगों का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको पैतृक संपत्ति मिलने की संभावना है, जिससे आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। आज आपके खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहेगा, ग्राफिक डिजाइन कोर्स सीखने का मौका मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। विपरीत परिस्थितियों में सूझ-बूझ से काम लेंगे तो, आज किसी समस्या का समाधान अवश्य मिलेगा। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप जोखिम भरे कामों से दूर रहें। आज किसी काम में जल्दबाजी और गुस्सा नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से हो जाएगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ होगा। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। आज आपकी सोची हुई कोई योजना पूरी होगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, नहीं तो आस-पास के लोग आपका विरोध कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जाएगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें इससे लोगों के बीच आपकी अहमियत बढ़ जाएगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं। जीवनसाथी आज आपको प्रसन्न होने की वजह देंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। नये व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में आप सोच सकते हैं, एक्सपर्ट से राय लेना न भूलें। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी। आज ऑफिस में आपके कामकाज की तारीफ होगी। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

# भूख की कड़वी सच्चाई और भोजन की बर्बादी का समीकरण

**संजीव ठाकुर ,संकलनकर्ता, स्तंभकार, चिंतक, लेखक,**

संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2024 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता हैद्य संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2021,23 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है द्य संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है

और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैंद्य संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ हैद्य जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55 प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24त्न तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24त्न भोजन बर्बाद हुआ हैद्य पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैंद्य बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता हैद्य भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता हैद्य भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही हैद्य पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैंद्य एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की


खाने को कूड़ा करने कुसंस्कृति।

वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है। भोजन की इस तरह बर्बादी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है। झअनाज को थाली या कूड़ेदान में फेंक देने से उससे केवल अनाज की बर्बादी नहीं होती बल्कि ऊर्जा, जल ,पोषक तत्वों की बर्बादी होती है। अलावा इसको पैदा करने वाले किसानों को भी एक तरह निराशा का सामना करना पड़ता है अनाज उत्पादन के लिए जितनी मेहनत मशक्कत किसान करता है उसके अलावा खेती की जमीन बढ़ाने के लिए वनों का विनाश भी बड़ी तेजी से हो रहा है एवं उस जमीन की उर्वरा शक्ति का भी निरंतर क्षरण हो रहा है ।लगातार रसायनिक खादों रासायनिक तत्वों के उपयोग के कारण मिट्टी की गुणवत्ता तो खराब हो ही रही है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वातावरण भी खराब होता जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट छोड़ने से जानवरों की खाने से जानवरों को भी जीवन का खतरा बनते जा रहा है। इससे अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। अनाज को अपशिष्ट के रूप में बर्बाद करने से न सिर्फ अनाज बर्बाद होता है बल्कि किसान की मेहनत जमीन का क्षरण उसमें लगने वाली सिंचाई के लिए पानी की बर्बादी एवं समय का दुरुपयोग भी माना जाता है। हमारे द्वारा जो भोजन का अपशिष्ट पदार्थ कूड़ेदान में छोड़ दिया जाता है उसकी वजह से वैश्विक अनुसंधान से यह बताया गया है की ग्रीन हाउस गैस ने 10 से 15त्न तक का इजाफा होता है खराब पदार्थों से गैस उत्सर्जन के कारण वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग का भी खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पदार्थ को छोड़ने से वातावरण दूषित होता है एवं संक्रामक बीमारियां न सिर्फ जानवरों में बल्कि इंसानों में भी तेजी से फैलने लगती है एवं इंसान की मौत तक होने लगी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि भोजन के अपशिष्ट पदार्थ इसी तरह थोड़े जाएंगे तो कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बढ़ सकता है एवं मनुष्य घुट घुट कर जीने के लिए मजबूर हो सकता है। भारत विशेष के संदर्भ में यह केवल देश के नागरिकों को ही सलाह दी जा सकती है कि वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा गरीबी वाले देश में अनाज एवं भोजन की बर्बादी से बचें जिससे अनाज का सदुपयोग भूखे तथा जरूरतमंदों को मुहैया कराया जा सके एवं अपशिष्ट पदार्थों छोड़ने से ग्लोबल वार्मिंग तथा हानिकारक संक्रमण से बचा जा सकेगा।

# भारत और कतर की दोस्ती नए मुकाम पर पहुँची, दोनों नेताओं ने मिलकर भारत-कतर के संबंधों को दी नई ऊँचाई



नई दिल्ली (ए.)। भारत और कतर की दोस्ती नए मुकाम पर पहुँची है जिसका सीधा लाभ कतर में रहने वाले साढ़े आठ लाख से ज्यादा भारतीयों को होने वाला है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह सारे प्रोटोकाल तोड़ कर हवाई अड्डे पर कतर के अमीर की अगवानी की, उनका भव्य स्वागत किया और कतर के साथ कई द्विपक्षीय समझौते किये गये, वह दर्शा रहा है कि दोनों देशों के रिश्ते काफी गहरे हो चुके हैं। एक समय था जब मुस्लिम देश पाकिस्तान परस्ती करते थे लेकिन आज ज्यादातर मुस्लिम देश भारत के साथ हैं और पाकिस्तान की बात तक नहीं करते। अभी पिछले महीने ही भारत के गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर आये थे और अब दुनिया के प्रमुख इस्लामिक देश कतर के अमीर आये। निश्चित रूप से यह सब देखकर पाकिस्तान को पच नहीं रहा होगा। जहां तक भारत और कतर के बीच दिल्ली में हुई मुलाकात की बात है तो आपको बता दें कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की स्थापना पर एक समझौते का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-सानी की मौजूदगी में दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल सानी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने समझौते का आदान-प्रदान किया। हैदराबाद हाउस में आयोजित समारोह में घोषणा की गई कि भारत और कतर के बीच दोहरे कराधान से बचने और आय पर करों के संबंध में राजकोषीय चोरी की रोकथाम के लिए एक संशोधित समझौते का भी आदान-प्रदान किया गया। कतर के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समझौते का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर ने हैदराबाद हाउस में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत भी की। बाद में विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने बताया कि पीएम मोदी ने हैदराबाद हाउस में कतर के अमीर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक व्यापार संबंधों और दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को याद किया। वार्ता के दौरान विभिन्न वैश्विक घटनाक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। इससे पहले, कतर के अमीर को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे। हम आपको याद दिला दें कि मोदी ने सोमवार शाम को कतर के अमीर का हवाई अड्डे पर स्वागत किया था। प्रधानमंत्री ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने भाई, कतर के अमीर एच एच शेख तमीम बिन हम्माद अल सानी का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे गया। भारत में उनके सफल प्रवास की कामना करता हूं। दूसरी ओर, कतर ने कहा है कि वह भारत के साथ नए द्विपक्षीय निवेश संवर्धन और संरक्षण समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाने के लिए कदम उठाने को तैयार है। कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी ने कहा कि भारत उसका तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है।

## मृत्यु कुंभ में बदल गया है अब महाकुंभ, योगी सरकार पर निशाना साधते हुए ममता ने ये क्या कह दिया?

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया और हाल ही में भगदड़ से संबंधित मौतों के संदर्भ में इसे मृत्यु कुंभ कहा। बनर्जी ने आरोप लगाया कि जहां वीआईपी को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, वहीं गरीबों को आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की आलोचना की, उस पर देश को विभाजित करने के लिए धर्म बेचने का आरोप लगाया और प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ धार्मिक समागम के लिए उचित योजना की कमी का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के बजट सत्र को संबोधित करते हुए सवाल किया आपने इतनी गंभीर घटना को इतना बढ़ा-चढ़ाकर क्यों दिखाया? उचित योजना बनाई जानी चाहिए थी. घटना के बाद कुंभ में कितने आयोग भेजे गए हैं? बनर्जी ने आगे आरोप लगाया कि शवों को (कुंभ से) बिना पोस्टमॉर्टम के ही बंगाल भेज दिया गया और कहा कि वे दावा करेंगे कि लोगों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई और उन्हें मुआवजा देने से इनकार कर दिया जाएगा। हमने यहां पोस्टमॉर्टम किया क्योंकि आपने बिना मृत्यु प्रमाण पत्र के शव भेज दिए। इन लोगों को मुआवजा कैसे मिलेगा?

## जम्मू-कश्मीर को दहलाने की साजिश नाकाम, शोपियां से बरामद किया गया प्रेशर कुकर आईईडी



पुलवाम (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादीर आए दिन अपनी नापाक हरकतों को अंजाम देने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन घाटी की सुरक्षा में तैनात भारतीय जवान उनकी हर नापाक हरकत को नाकाम कर देते हैं. ऐसी ही हरकत एक बार फिर से दक्षिण कश्मीर के जेनपोरा शोपियां में सामने आई है. जहां से सुरक्षा बलों ने एक प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया है.इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने पुलवामा जिले के पिंगलिश नागवाड़ी तराल से भी एक आईईडी बरामद की है. आईईडी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सड़क को लोगों के आवागमन के लिए बंद कर दिया है. फिलहाल बम बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया है और आईईडी को नष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं.बता दें कि पाकिस्तान की ओर से आतंकवादी लगातार एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश करते रहते हैं. लेकिन सुरक्षा बल उनके इरादों को पूरा नहीं होने देते. हालांकि कई बार आतंकवादी अपनी इन नाकाप हरकतों में कामयाब हो जाते हैं, कई बार आतंकी एलओसी के पास आईईडी प्लांच कर देते हैं, जिससे भारतीय सैनिकों के लिए खतरा बढ़ जाता है. ऐसा ही एक मामला 11 फरवरी को सामने आया था. जबकि एलओसी के पास हुए एक आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो गए थे.इस धमाके में एक जवान गंभीर रूप से घायल भी हुआ था. ये विस्फोट 11 फरवरी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के आसपास हुआ था. बताया गया कि आतंकियों ने जम्मू जिले के खौर थाने के अंतर्गत केरी बट्टल क्षेत्र में एलओसी के पास आईईडी प्लांट कर रखा था.जब सेना का एक दल इस इलाके में गश्त कर रहा था तभी कुछ जवान इसकी चपेट में आ गए. जिससे आईईडी में धमाका हो गया. बता दें कि पाकिस्तान जम्मू संभाग में पिछले 10 दिन में आईईडी धमाका कर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए आठ वारदातों को अंजाम दे चुके है. वहीं भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के भी कई सैनिक मारे गए हैं.पाकिस्तान इनदिनों चौतरफा दबाव में है. क्योंकि पीएम मोदी ने पहले फ्रांस और उसके बाद अमेरिकी का दौरा किया. इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ एक साथ जुटने की बात कही गई। जिससे पाकिस्तान पर श्विक दबाव बना है. वहीं दूसरी ओर नए जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास के दौर से पाकिस्तान अंदरूनी दबाव भी महसूस कर रहा है. वहीं नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना की ओर से जीरो लाइन के पास की जा रही तारबंदी से भी पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है. क्योंकि इस इलाके से घुसपैठ के रास्ते बंद हो जाएंगे।



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान ( एनआईएचएफडब्ल्यू ) की 41वीं शासी निकाय बैठक की अध्यक्षता की.

## राजस्थान के कई इलाकों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का अनुमान



जयपुर (ए)। नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान में कई जगह मंगलवार को बादल छाए रहने व कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार 18 से 20 फरवरी के दौरान पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के पश्चिमी व उत्तरी भागों में कहीं-कहीं बादल छाए रहने तथा हल्की बारिश होने का अनुमान है। 18 फरवरी को भरतपुर, जयपुर व बीकानेर में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। वहीं 19 और 20 फरवरी को भरतपुर, जयपुर, कोटा, बीकानेर व जोधपुर में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार सुबह तक के चौबीस घंटे में राज्य में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 35.0 डिग्री सेल्सियस तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान संगरिया (हनुमानगढ़) में 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया राजधानी जयपुर में इस दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमश: 28.9 डिग्री व 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## फरीदकोट में ट्रक से टकराने के बाद बस नाले में गिरी, 5 की मौत, कई घायल

फरीदकोट,(आरएनएस)। पंजाब में कोटकपूरा रोड पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है. हादसे में तेज रफ्तार बस की ट्रक से टक्कर हो गई जिसके बाद बस नाले में गिर गई. हादसे के वक्त बस यात्रियों से भरी हुई थी. इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. राहत बचाव कर्मियों ने 26 लोगों की जान बचाई। बस दुर्घटना के दौरान सुरक्षित बाहर निकले एक व्यक्ति ने बताया, बस की गति बहुत तेज थी, जिसके कारण वह ट्रक से टकरा गई. टक्कर के बाद बस नहर में गिर गई, फिर क्या हुआ कुछ पता नहीं चला. लोगों ने मुझे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटनास्थल पर पहुंची एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि 26 यात्रियों को निकाला गया है, वे सुरक्षित हैं. शुरुआती जानकारी के अनुसार 5 लोगों की मौत हुई है. उन्होंने कहा कि किन कारणों से दुर्घटना हुई इसके बारे में बता पाना अभी जल्दबाजी होगी, फिलहाल राहत बचाव कार्य पर फोकस है। आपको बता दें कि यह बस कोटकपूरा से फरीदकोट आ रही थी और सेमनाला से पहले सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई. टक्कर के बाद बस रेलिंग तोड़ते हुए सेमनाला में गिर गई. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया. फिलहाल बस को नाले से बाहर निकाल लिया गया है।

## बक्सर टू महाकुंभ: ट्रेंन फुल, सड़कों पर ट्रैफिक जाम, जुगाड़ की नाव से गंगा स्नान करने पहुंचे 7 लोग



बक्सर (ए.)। आस्था के इस महापर्व में डुबकी लगाने बक्सर के युवाओं ने गजब कारनामा कर दिया है। बक्सर के कम्हरिया के सात युवाओं ने नाव के सहारे गंगा में बक्सर से प्रयागराज के सफर को तय किया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर अब वायरल है। दरअसल, बिहार के बक्सर के सात लोगों के एक समूह ने परिवहन के साधन के रूप में नाव का उपयोग करके महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज तक 550 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। दो दिनों में दूरी तय करने की उनकी यात्रा की सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हुई क्योंकि उनकी नाव की सवारी का एक वीडियो वायरल हो गया। 8-9 फरवरी तक सड़कों पर भारी ट्रैफिक और ट्रेनों में भीड़भाड़ देखने के बाद ये ग्रुप तीर्थयात्रा के लिए निकला। सभी पारंपरिक यात्रा मार्गों के जाम होने के कारण, उन्होंने एक अनोखी योजना तैयार की। गंगा में नाव चलाने और महाकुंभ तक पहुंचने के लिए एक मोटरमोट का उपयोग किया। विफलता की स्थिति में बैकअप के रूप में उनकी नाव में दो मोटरें जुड़ी हुई थीं। राशन, पानी और ईंधन से लैस सुखदेव चौधरी के नेतृत्व में ये काफिला अपनी यात्रा पर निकला। मोटरों के बावजूद, कभी-कभी अधिक गर्मी के कारण उन्हें 5-6 किलोमीटर तक नाव को हाथ से चलाना पड़ता था। उनकी रातें पाली में कटती थीं, जिससे प्रयागराज की ओर निरंतर आवाजाही सुनिश्चित होती थी। समूह 11 फरवरी को बक्सर से रवाना हुआ, और 13 फरवरी की सुबह प्रयागराज में संगम में पवित्र डुबकी लगाने में कामयाब रहा। पूरी यात्रा की लागत लगभग 20,000 रुपये थी, जिसमें पेट्रोल, भोजन और आवश्यक प्रावधान शामिल थे।

# हमारा अर्थशास्त्र, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है : योगी आदित्यनाथ



लखनऊ (ए.) । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनका अर्थशास्त्र महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है। आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में महाकुंभ पर उंगली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा हमारा अर्थशास्त्र बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा 7500 करोड़ रुपये खर्च किए जाने से अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपयों की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है? मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के उस बयान के बाद आयी है जिसमें उन्होंने महाकुंभ को कथित तौर पर फालतू करार दिया था। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या अगर 60 करोड़ तक पहुंचती है तो उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सवा तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन अवसंरचना है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो परिणाम सामने है। एक वर्ष में श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों (विपक्ष) को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने मान लिया था कि आस्था में ताकत नहीं है, लिहाजा दुष्परिणाम भुगतना पड़ा। गुलामी के कालखंड में यह बात मन में डाली गई कि भारतीय को कमतर करके आंकों, उसे महत्वहीन कर दो। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पहली बार भारतवासियों को अहसास कराया कि देश से जुड़े जीवन मूल्यों, आस्था तथा उत्पाद को महत्व देकर हम स्वयं की महत्ता को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, दूसरों की उपलब्धियों के बजाय पूर्वजों की विरासत पर गौरव की अनुभूति करेंगे तो दुनिया को बहुत कुछ दे पाएंगे। आज प्रयागराज वही कर रहा है। प्रयागराज, काशी तथा अयोध्या ने अपनी क्षमता को उजागर किया। अनेक लोगों को रोजगार मिला तो कइयों की आमदनी बढ़ाने में भी मदद मिली।

## पटना में बदमाशों के साथ पुलिस का एनकाउंटर, 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया

पटना (ए.)। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि चार राउंड फायरिंग की गई. इस घटना में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। इमारत के अंदर मौजूद सभी नागरिक सुरक्षित हैं। हम कुछ गुंडों का भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जो फरार हो गए हैं। स्थिति सामान्य है बिहार में पटना के कंकड़बाग इलाके में अपराधियों ने आज एक घर के बाहर गोलीबारी की, जिसके बाद पुलिस को इलाके की घेराबंदी करनी पड़ी. गोलीबारी के बाद सभी अपराधी पास के एक घर में छिप गये. फायरिंग कंकड़बाग के रामलखन पथ पर दोपहर करीब 2 बजे हुई। पुलिस ने फायरिंग करने वाले चार बदमाशों को हिरासत में लिया है और कुछ बदमाश भाग गए। पुलिस फरार अपराधियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने चार राउंड फायरिंग की। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि चार राउंड फायरिंग की गई. इस घटना में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। इमारत के अंदर मौजूद सभी नागरिक सुरक्षित हैं। हम कुछ गुंडों का भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जो फरार हो गए हैं। स्थिति सामान्य है। हम अन्य आरोपियों की तलाश के लिए कई जगहों पर छापेमारी कर रहे हैं।


## फर्स्ट ईयर के छात्र से रैगिंग मामले में सात छात्रों पर मामला दर्ज

तिरुवनंतपुरम, (आरएनएस)। करयावट्टम सरकारी कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के छात्र की रैगिंग की गई. कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की और पुष्टि की कि रैगिंग हुई थी. रैगिंग के शिकार छात्र ने कॉलेज प्रिंसिपल और कझाकुट्टम पुलिस में घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी. इसके बाद एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की.शिकायत स्नातक तृतीय वर्ष के सात छात्रों के खिलाफ की गई थी. सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों की जांच के बाद पाया गया कि रैगिंग हुई थी. 11 फरवरी को सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था. पीड़ित के दोस्त को सीनियर छात्रों ने पीटा, जिससे वह घायल हो गया.कझाकुट्टम पुलिस ने दोनों समूहों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया था. शिकायत में कहा गया है कि सीनियर अभिषेक की तलाश में आए, पीड़ित छात्र को पकड़ लिया, उसे यूनियन रूम में ले गए और एक समूह में उसकी पिटाई की.पीड़ित छात्र की शर्ट फाड़ दी गई, उसे घुटने टेकने पर मजबूर किया गया और पीठ और गाल पर मारा गया. जब पीड़ित छात्र फर्श पर गिर गया, तो उसे फिर से पीटा गया. पीड़ित छात्र ने यह भी कहा कि जब उसने पानी मांगा, तो उन्होंने उस पर थूका और फिर उसे बोतलबंद पानी दिया. इसके बाद पीड़ित छात्र ने कझाकुट्टम पुलिस और प्रिंसिपल के पास शिकायत दर्ज कराई.शिकायत में सात सीनियर छात्रों के खिलाफ रैगिंग करने का आरोप लगाया गया है. प्रिंसिपल ने समिति के निष्कर्षों के आधार पर कल कझाकुट्टम पुलिस को एक रिपोर्ट सौंपी. प्रिंसिपल की रिपोर्ट के आधार पर, कझाकुट्टम पुलिस ने पुष्टि की कि सात छात्रों के खिलाफ रैगिंग का मामला दर्ज किया गया है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर बांग्लादेशी नागरिकों की मदद करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर(ए)। राजधानी रायपुर में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने सत्कार कंप्यूटर सेंटर के संचालक मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया है, जो पैसों के बदले फर्जी मार्कशीट, वोटर आईडी, पासपोर्ट और अन्य सरकारी दस्तावेज तैयार करता था। आरोपी के सेंटर पर छापेमारी के दौरान पुलिस को बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेजों का जखीरा मिला, जिससे इस अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ। टिकरापारा थाना क्षेत्र में चल रहे इस गोरखधंधे का खुलासा तब हुआ जब बीते 10 फरवरी को रायपुर में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों- मोहम्मद स्माईल, शेख साजन और शेख अकबर को एंटी टेररिज्म स्क्वाड ( ATS) ने गिरफ्तार किया। जांच के दौरान इन तीनों के पास से फर्जी दस्तावेज बरामद हुए, जिसके आधार पर टिकरापारा थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जब इन आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पास मौजूद फर्जी पासपोर्ट, वीजा, जन्म प्रमाण पत्र और मार्कशीट सत्कार कंप्यूटर सेंटर, कचहरी चौक के संचालक मोहम्मद आरिफ द्वारा तैयार किए गए थे। इस खुलासे के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने कंप्यूटर सेंटर पर छापा मारा और वहां से बड़ी संख्या में फर्जी वोटर आईडी, अंकसूची, फोटो आईडी, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान से जुड़े कूट रचित दस्तावेज जब्त किए।

# मुख्तार अंसारी की बेनामी संपत्ति की कुर्की को न्यायाधिकरण ने बरकरार रखा



लखनऊ (ए.)। माफिया से राजनेता बने दिवंगत मुख्तार अंसारी के परिवार को बड़ा झटका देते हुए न्यायाधिकरण ने हाल ही में लखनऊ में उनकी कथित बेनामी संपत्ति की कुर्की को बरकरार रखा है। राजा राम मोहन राय वार्ड के दली अघाड़ी इलाके में स्थित इस संपत्ति को आयकर विभाग ने पिछले साल बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध (पीबीपीटी) अधिनियम के तहत कुर्क किया था। अंसारी के कानूनी उत्तराधिकारियों, जिनमें उनकी पत्नी अफशां अंसारी और बेटे उमर और अब्बास अंसारी शामिल हैं, ने इस कुर्की का विरोध किया। हालांकि, गहन सुनवाई के बाद न्यायाधिकरण ने संपत्ति के बेनामी होने की पुष्टि की और कुर्की को बरकरार रखा। कथित तौर पर इस संपत्ति को फर्जी सौदे के जरिए तनवीर सहर नामक व्यक्ति को 76 लाख रुपये में बेचा गया था। जांच में पता चला कि सहर ने संपत्ति के भुगतान के लिए तीन चेक जारी किए थे, जिनमें से किसी में भी कोई जमा या भुनाया नहीं गया, जिससे पता चलता है कि यह सौदा वैध दिखने के लिए गढ़ा गया था। आयकर जांच के तत्कालीन अतिरिक्त आयुक्त ध्रुवपुरारी सिंह द्वारा आगे की जांच में पता चला कि सहर ने कभी कोई आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया था और उसकी आय का कोई स्पष्ट स्रोत नहीं था। उसके पति की आय मात्र 1.74 लाख रुपये बताई गई थी, जिससे संपत्ति के लेन-देन के लिए इस्तेमाल किए गए धन के बारे में संदेह पैदा हुआ। आयकर बेनामी इकाई की जांच में यह भी पता चला कि इसी संपत्ति को पहले मुख्तार अंसारी के सहयोगी गणेश दत्त मिश्रा ने 1.6 करोड़ रुपये के ऋण के लिए गिरवी रखा था, जिसे पूरी तरह से चुका दिया गया था। इसके बाद, संपत्ति सहर को हस्तांतरित कर दी गई। मिश्रा ने आयकर अधिकारियों को दिए अपने बयान में खुलासा किया कि संपत्ति का हस्तांतरण आतिफ रजा द्वारा किया गया था, जो मुख्तार अंसारी का साला है। सूत्रों ने खुलासा किया कि कथित लाभार्थियों और मुख्तार के दावों के बावजूद कि संपत्ति विवादित थी, आयकर अधिकारियों द्वारा मिश्रा के बयान दर्ज किए जाने के बाद ही संपत्ति विवाद के संबंध में याचिका दायर की गई थी, जो बाद में सोचा गया प्रतीत होता है। एक टीवी द्वारा एक्सेस किए गए आदेश में कहा गया है पीबीपीटी अधिनियम, 1988 (संशोधित) की धारा 26 के साथ धारा 7 के आधार पर मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आरंभकर्ता अधिकारी के पीबीपीटी अधिनियम की धारा 24(4) के तहत अनंतिम कुर्की आदेश की पुष्टि करता हूं, जिससे इस आदेश में निर्दिष्ट संपत्ति को बेनामी संपत्ति माना जाता है।

## 'द कपिल शर्मा शो' पूरी तरह से स्क्रिप्टेड था : सुमोना चक्रवर्ती

मुंबई । अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती की 'द कपिल शर्मा शो' में



कॉमेडी पूरी तरह से स्क्रिप्टेड थी और उनके लिए यह सब सिर्फ एक एक्टिंग असाइनमेंट था। हाल ही में 'द कपिल शर्मा शो' का हिस्सा रहीं अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती ने इस शो को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। सुमोना ने शो में कपिल शर्मा की पत्नी का किरदार निभाया था और इस भूमिका से उन्हें जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। हाल ही में एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सुमोना ने 'द कपिल शर्मा शो' से जुड़ी कई बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि कॉमेडी उनका नेचुरल जॉनर नहीं था, इसलिए इसमें सहज होने में उन्हें काफी समय लगा। उन्होंने बताया कि शो में हर चीज पहले से तय होती थी और संवादों को लेकर कोई भी चीज बिना स्क्रिप्ट के नहीं होती थी। सुमोना ने कहा, मेरा खुद का सेंस ऑफ ह्यूमर है, लेकिन यह इस शो के स्टाइल से मेल नहीं खाता। इसलिए, मेरे लिए यह पूरी तरह से एक्टिंग थी। उन्होंने यह भी बताया कि वह हर स्क्रिप्ट को ध्यान से पढ़ती थीं, उसे हाइलाइट करती थीं और वर्ड टू वर्ड याद करती थीं, क्योंकि पंचलाइन और डायलॉग डिलीवरी बहुत महत्वपूर्ण होती थी। सुमोना ने इस इंटरव्यू में बताया कि उनके सह-कलाकारों ने समय के साथ इम्प्रोवाइजेशन करना सीख लिया था, लेकिन वह हमेशा स्क्रिप्ट पर निर्भर रहती थीं। उन्होंने याद किया कि कैसे कपिल शर्मा उनकी डायलॉग्स याद रखने की क्षमता की तारीफ करते थे। उन्होंने कहा कि शो की कॉमेडी सिर्फ मजाक नहीं थी, बल्कि इसमें सही टाइमिंग और परफेक्शन की जरूरत होती थी। सुमोना ने बताया कि वह अब फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नई भूमिकाएं तलाश रही हैं। वह हमेशा से अलग-अलग किरदार निभाना चाहती थीं और अब जब वह 'द कपिल शर्मा शो' का हिस्सा नहीं हैं, तो नए मौकों की तलाश में हैं। उन्होंने आखिरी बार रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में भाग लिया था, जिसमें उन्होंने अपने अलग अंदाज से दर्शकों का दिल जीता। सुमोना के इस खुलासे ने उनके फैन्स को चौंका दिया है। दर्शक अब तक यह मानते थे कि शो की कई बातें अचानक और इम्प्रोवाइजेशन से होती हैं, लेकिन सुमोना की इस बात से साफ हो गया कि 'द कपिल शर्मा शो' की हर चीज पहले से लिखी जाती थी और कलाकार सिर्फ उस स्क्रिप्ट को फॉलो करते थे।

# मुझे दुख पहुंचाने का किसी को अधिकार नहीं : ईशा मालवीय



अभिनेत्री ईशा मालवीय ने सोशल मीडिया पर नकारात्मकता का सामना करने के बारे में बात की। उन्होंने ट्रोल करने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा कि वह उन्हें अपने जीवन का हिस्सा नहीं मानतीं और वह अब किसी को भी दुख पहुंचाने का अधिकार नहीं देतीं।

सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री ने कहा, मैं इन लोगों को अपने जीवन का हिस्सा भी नहीं मानती। व्यक्तिगत रूप से मैं किसी की पोस्ट पर नकारात्मक या सकारात्मक कमेंट करने में अपना समय बर्बाद नहीं करूंगी। यह बेकार है। लेकिन कुछ लोगों के पास नकारात्मक कमेंट करने के लिए इतना समय और एनर्जी होती है। मैं सच में नहीं समझ पाती कि वे इतने स्वतंत्र कैसे और क्यों हैं?अभिनेत्री ने कहा कि ऐसे दिन भी आते हैं, जब वह उदास महसूस करती हैं और ऐसे में वह अपने माता-पिता से बात करना पसंद करती हैं।उन्होंने कहा, मैं अब किसी को भी मुझे दुख पहुंचाने का अधिकार नहीं देती। अब मैं ही एकमात्र व्यक्ति हूं, जो खुद को दुख पहुंचा सकती हूं। पहले मैंने लोगों को मुझे दुख पहुंचाने की अनुमति दी थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।उन्होंने कहा कि वह अपनी जिंदगी में माता-पिता के साथ दादी को महत्वपूर्ण स्थान देती हैं। उन्होंने कहा, अभी भी ऐसे दिन हैं, जब आपको लगता है कि आपको किसी की जरूरत है और मेरे लिए वह मेरी मां, पिता और मेरी दादी मां हैं।जब उनसे पूछा गया कि वह सुर्खियों में रहने के बाद अपनी पर्सनल लाइफ को कैसे मैनेज करती हैं तो ईशा ने कहा, जब आप एक सेलिब्रिटी होते हैं और लगातार लोगों की नजरों में रहते हैं, तो आपका जीवन निजी नहीं रह जाता है। लोग आपके बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। ऐसे में आप जो भी करते हैं या जीवन में जो भी करना चाहते हैं, उसे लेकर आपको सावधान रहना होगा। कई बार मैं घर पर केवल आराम करना चाहती हूं।ईशा ने आगे कहा, मैं अपने आस-पास किसी भी पपराजी को नहीं चाहती। मैं बस अपने परिवार या स्कूल के दोस्तों के साथ रहना चाहती हूं, जो इस इंडस्ट्री से नहीं हैं। ऐसे दिन भी होते हैं, जब मुझे अपनी प्राइवेसी का सम्मान करने और उसे बनाए रखने की जरूरत महसूस होती है।

## फिल्म 'परम सुंदरी' का केरल शेड्यूल हुआ पूरा, सिद्धार्थ मल्होत्रा ने साझा की तस्वीरें



सिद्धार्थ मल्होत्रा पिछले दिनों एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के साथ एक फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग केरल में कर रहे थे। समय-समय पर वहां से शूटिंग की फोटो वह और जान्हवी अपने इंस्टाग्राम पेज पर फैंस के साथ शेयर करते रहे हैं। हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फैंस को एक पोस्ट के जरिए बताया कि फिल्म 'परम सुंदरी' का केरल शूटिंग शेड्यूल अब खत्म हो चुका है। अपनी पोस्ट में और क्या लिखा सिद्धार्थ ने जानिए?

**केरल की खूबसूरती को सराहा**

सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी पोस्ट में लिखते हैं, फिल्म 'परम सुंदरी' के लिए केरल का शानदार शेड्यूल पूरा हुआ। यहां के खूबसूरत नजारे, गजब की एनर्जी और यादें हमारे साथ रहेंगी।' इस बात के साथ एक्टर ने एक रेड हार्ट इमोजी भी शेयर किया। साथ ही अपनी और पूरी फिल्म की टीम की एक प्यारी सी तस्वीरें भी साझा की। जिसमें सभी काफी खुश दिख रहे हैं।

**पिछले दिनों बोटिंग करते हुए तस्वीरें वायरल हुईं**





पिछले दिनों भी केरल की शूटिंग साइट से सिद्धार्थ और जान्हवी की बोटिंग करते हुए फोटो वायरल हुईं। दोनों केरल के अथिरापल्ली झरने के पास नाव पर सवार नजर आए। वहां पर फिल्म के लिए कोई रोमांटिक सीन वहां शूट हो रहा था।

**ये है फिल्म की कहानी**

फिल्म 'परम सुंदरी' में सिद्धार्थ मल्होत्रा परम नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो कि उत्तर भारत से बिलॉन्ग करता है, वहीं जान्हवी कपूर ने सुंदरी नाम की लड़की का रोल किया है, जो दक्षिण भारत से आती है। इन दोनों के बीच कैसे प्यार होता है, यह फिल्म की स्टोरी लाइन है। इस तरह के सब्जेक्ट पर पहले भी फिल्में बनी हैं, लेकिन दिनेश विजान और तुषार जलोटा, इसी कहानी को अलग ढंग से कहने वाले हैं। पिछले दिनों फिल्म के सेट से शूटिंग की जो तस्वीरें सामने आईं, उनमें जान्हवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के बीच काफी अच्छी केमिस्ट्री दिख रही है।

## फिल्म 'घातक' फिर बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए तैयार




मुंबई । 29 साल बाद बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल की सुपरहिट फिल्म 'घातक' दोबारा सिनेमाघरों में लाने की योजना बनाई गई है। फिल्म को संभवत 28 फरवरी को देशभर के चुनिंदा सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा, हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सनी देओल ने पिछले साल 'गदर 2' से जबरदस्त सफलता हासिल की थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इस फिल्म ने यह साबित कर दिया कि 67 वर्षीय सनी देओल की फैन फॉलोइंग अभी भी बरकरार है और दर्शक उन्हें एक्शन अवतार में बेहद पसंद करते हैं। 'गदर 2' के बाद से सनी की कोई नई फिल्म रिलीज नहीं हुई है, लेकिन अब उनके चाहने वालों के लिए एक अच्छी खबर आई है। डायरेक्टर राजकुमार संतोषी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'घातक' को दोबारा सिनेमाघरों में दिखाने की योजना बनाई जा रही है। 1996 में रिलीज हुई इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री, अमरीश पुरी और डेनी डेंजोगप्पा ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। 'घातक' बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी और इसने करीब 26.48 करोड़ रुपए का कारोबार किया था, जबकि इसका बजट मात्र 6 करोड़ रुपए था।

फिल्म की री-रिलीज को लेकर एक सूत्र ने बताया कि अभी तक रिलीज की संभावित तारीख 28 फरवरी तय की गई है, लेकिन इसमें बदलाव हो सकता है। कुछ दिनों में इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सनी देओल भी इस खबर से बेहद उत्साहित हैं क्योंकि यह उनकी सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक रही है। राजकुमार संतोषी ने सनी देओल के साथ तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं— 'घायल', 'घातक' और 'दामिनी'। इन फिल्मों ने सनी को बॉलीवुड में एक्शन हीरो के रूप में स्थापित किया। 'घायल' के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था, जबकि 'दामिनी' में उनके संवाद "तारीख पर तारीख" को आज भी याद किया जाता है।



## पहला किसिंग सीन दिखाया गया था 1933 में आई फिल्म 'कर्मा' में

मुंबई । हिंदी सिनेमा के इतिहास में सबसे पहला किसिंग सीन 1933 में आई फिल्म 'कर्मा' में दिखाया गया था, जिसमें देविका रानी और हिमांशु राय मुख्य भूमिका में थे। यह ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म अपने समय से काफी आगे थी और इसमें फिल्माया गया किसिंग सीन चार मिनट लंबा था।

फिल्म 'कर्मा' के इस सीन में देविका रानी का किरदार अपने बेहोश प्रेमी को जगाने के लिए उसे किस करता है। यह सीन उस समय के दर्शकों के लिए चौंकाने वाला था, क्योंकि भारतीय सिनेमा में इस तरह की खुली अभिव्यक्ति को लेकर काफी हिचकिचाहट थी। हालांकि, यह भी दिलचस्प है कि देविका रानी और हिमांशु राय असल जिंदगी में भी पति-पत्नी थे, जिससे इस सीन को फिल्माना थोड़ा आसान हो गया था। समय के साथ बॉलीवुड में बोल्ड सीन और किसिंग सीक्वेंस सामान्य हो गए। 2013 में रिलीज़ हुई नील नितिन मुकेश और सोनल चौहान की थ्रिलर फिल्म '3जी' ने सबसे ज्यादा किसिंग सीन का रिकॉर्ड बनाया। इस फिल्म में कुल 30 किसिंग सीन थे, लेकिन इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। इसी साल आई दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर की फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' में 27 किसिंग सीन थे। इसके बाद 2016 में रणवीर सिंह और वाणी कपूर की फिल्म 'बेफिक्रे' में 25 किसिंग सीन फिल्माए गए।

# रोजाना खाली पेट करें वर्कआउट, मिल सकते हैं ये फायदे



खाली पेट वर्कआउट करना एक ऐसा विषय है, जिस पर अक्सर चर्चा होती है। कुछ लोग इसे सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं, जबकि कुछ इसे नुकसानदायक समझते हैं।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि खाली पेट वर्कआउट करने के क्या फायदे हो सकते हैं और यह कैसे आपके फिटनेस लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।यह जानकारी उन लोगों के लिए उपयोगी हो सकती है, जो अपने स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर गंभीर हैं।

### वजन घटाने में है मददगार

खाली पेट वर्कआउट करने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वजन घटाने में मदद करता है। जब आप बिना खाए एक्सरसाइज करते हैं तो शरीर ऊर्जा के लिए जमा चर्बी का उपयोग करता है। इससे कैलोरी बर्न होती है और वजन कम होता है।

हालांकि, ध्यान रखें कि अगर आप बहुत ज्यादा थकान महसूस करते हैं तो तुरंत कुछ हल्का खा लें ताकि आपकी ऊर्जा बनी रहे।

### मेटाबॉलिज्म को दे सकता है बढ़ावा

खाली पेट वर्कआउट करने से मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा मिलता है।

जब आप सुबह बिना खाए एक्सरसाइज करते हैं तो आपका शरीर जमा चर्बी का उपयोग कर अधिक कैलोरी बर्न करता है।इससे न केवल मेटाबॉलिज्म तेज होता है, बल्कि ऊर्जा का स्तर भी ऊंचा रहता है। इस कारण से आप दिनभर सक्रिय और तरोताजा महसूस करते हैं, जिससे आपकी दैनिक गतिविधियों में सुधार होता है और फिटनेस लक्ष्यों को तेजी से पाने में मदद मिलती है।

### इंसुलिन संवेदनशीलता में हो सकता है सुधार

खाली पेट एक्सरसाइज करने से इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार होता है, जिससे शरीर शक्कर को बेहतर तरीके से प्रोसेस कर पाता है और ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहता है।यह मधुमेह के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है क्योंकि यह ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद करता है।इसके अलावा यह ऊर्जा स्तर को भी ऊंचा बनाए रखता है, जिससे आप दिनभर तरोताजा महसूस करते हैं और आपकी सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### मानसिक स्पष्टता और ध्यान केंद्रित करना होगा आसान

खाली पेट एक्सरसाइज करने से दिमाग की कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे मानसिक स्पष्टता आती है और ध्यान केंद्रित करना आसान हो जाता है।सुबह-सुबह बिना खाए एक्सरसाइज करने से दिमाग को ताजगी मिलती है, जिससे सोचने-समझने की क्षमता बेहतर होती है।इस प्रक्रिया में शरीर को ऊर्जा का सही उपयोग करना आता है। हालांकि, इसे अपनाते समय अपने शरीर की सुनना जरूरी होता है। अगर कोई असुविधा महसूस हो रही हो, तो विशेषज्ञ की सलाह लें।

# क्या केला खाने से सच में बढ़ता है वजन? जानें इसकी सच्चाई



केला एक ऐसा फल है, जो हर उम्र के लोगों को पसंद आता है और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। कई लोग यह सोचते हैं कि केला खाने से उनका वजन बढ़ सकता है।

इस लेख में हम इसी सवाल का जवाब ढूंढने की कोशिश करेंगे और जानेंगे कि केले का सेवन हमारे शरीर पर कैसे असर डालता है।

साथ ही, हम यह भी समझेंगे कि केले के पोषक तत्व स्वास्थ्य के लिए कितने अहम होते हैं।

### क्या केले में होती हैं बहुत अधिक कैलोरी?

केले को लेकर सबसे आम धारणा यह है कि इसमें बहुत ज्यादा कैलोरी होती हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है। हालांकि, हकीकत यह है कि एक मध्यम आकार के केले में लगभग 100-120 कैलोरी ही होती हैं। यह मात्रा किसी भी अन्य स्नैक या मिठाई की तुलना में काफी कम होती है। इसके अलावा, केले में फाइबर भी होता है, जो पेट को भरा हुआ महसूस कराता है और भूख को नियंत्रित करता है।

### किस समय खाना चाहिए केला?

केला खाने का सही समय सुबह का होता है। सुबह-सुबह केला खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है, जिससे दिनभर सक्रिय रहने में मदद मिलती है।

अगर आप एक्सरसाइज करते हैं, तो उससे पहले या बाद में केला खाना बेहद फायदेमंद हो सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इससे शरीर की ताकत बढ़ जाती है और थकान भी कम हो जाती है।

इसके अलावा, केले में मौजूद पोषक तत्व शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल भी प्रदान करते हैं।

### केले में पाए जाने वाले पोषक तत्वों का महत्व

केले में पोटैशियम, विटामिन बी6, विटामिन सी और मैग्नीशियम जैसे कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ये तत्व शरीर के लिए बेहद अहम होते हैं और इन्हें नियमित रूप से लेना चाहिए।

पोटैशियम दिल की धड़कन को सामान्य रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है। वहीं, विटामिन बी6 मस्तिष्क के विकास के लिए जरूरी होता है और विटामिन सी प्रतिरक्षा को मजबूत बनाता है।


मैग्नीशियम हड्डियों की मजबूती के लिए फायदेमंद होता है।

वजन घटाने वालों के लिए केला कैसे फायदेमंद हो सकता हैं?

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो केले को बिना किसी चिंता के खान-पान में जोड़ें। इसमें फाइबर होता है, जो भूख को कम करता है और पेट को देर तक भरा हुआ रखता है। केले का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है और अचानक भूख नहीं लगती।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ठीक पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी





नई दिल्ली(ए)। चैंपियंस ट्रॉफी जल्द शुरू होने वाली है। वहीं, इसकी शुरूआत से पहले मेगा इवेंट में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कुछ नए नियम लागू किए है। जिसमें परिवारिक मैंबर को लेकर भी एक रूल था कि टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के साथ फैमिली नहीं रहेगी। लेकिन अब बीसीसीआई ने यूटर्न ले लिया है। अब पत्नियां प्लेयर्स के साथ रह सकती हैं।बीसीसीआई ने कम से कम 45 दिन के दौरे पर दो हफ्तों के लिए खिलाड़ियों के साथ फैमिली रखने की अनुमति दी गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवार के सदस्यों को दुबई में उनके साथ रहने की अनुमति दी है। लेकिन बोर्ड ने इसके लिए एक सख्त शर्त रखी है। बोर्ड ने पत्नियों के लिए शर्त रखी कि खिलाड़ियों को अपने परिवार के सदस्यों को केवल एक मैच के लिए साथ रखने की अनुमति होगी। खिलाड़ी आपस में चर्चा कर सकते हैं और बीसीसीआई से इसके लिए अनुरोध कर सकते हैं। जिसके बाद ही बोर्ड इसके लिए व्यवस्था करेगा।बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी को हो रहा है।

## न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण बाहर

### –जैमीसन उनकी जगह टीम में शामिल

कराची, (ए)। न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान से पहले एक और चोट का झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

रविवार को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अनौपचारिक अभ्यास मैच में गेंदबाजी करने के बाद फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ और प्रारंभिक चिकित्सा मूल्यांकन से संकेत मिलता है कि वह पूरे टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं होंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत के करीब होने और टूर्नामेंट के छोटे होने को देखते हुए, फर्ग्यूसन को पुनर्वास शुरू करने के लिए घर भेजने का फैसला किया गया।

इसमें कहा गया है कि तेज गेंदबाज काइल जैमीसन टीम में फर्ग्यूसन की जगह लेंगे और आज शाम पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे।

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की इवेंट तकनीकी समिति ने न्यूजीलैंड टीम में फर्ग्यूसन के प्रतिस्थापन के रूप में जैमीसन को मंजूरी दे दी है।

जैमीसन ने अपनी पीठ में तनाव फ्रैक्चर के पुनर्वास के लिए 10 महीने तक साइडलाइन पर रहने के बाद दिसंबर में सुपर स्मैश में कैंटरबरी किंग्स के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी की।

# IPL 2025 : आकाश चोपड़ा ने कई फ्रेंचाइजी के 'दिलचस्प' शेड्यूल पर उठाए सवाल




नई दिल्ली(ए)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2025 के लिए एक दिलचस्प शेड्यूल मिला है, जिसमें लीग के अंतिम चरण में उनके अधिकतर मुकाबले घरेलू मैदान पर होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम 22 मार्च को ओपनिंग मैच में ईडन गार्डन्स पर आरसीबी का सामना करने जा रही है।चोपड़ा ने याद दिलाया कि 2024 में भी आरसीबी ने ऐसी ही परिस्थितियों में शानदार वापसी की थी, लेकिन इस बार भी उनका आखिरी लीग मैच कोलकाता के खिलाफ होगा, जो आसान नहीं होगा। अपने यूट्यूब चैनल पर शेड्यूल का विश्लेषण करते हुए चोपड़ा ने बताया कि आरसीबी के लिए यह दोहरी चुनौती हो सकती है। पिछले सीजन में केकेआर ने दोनों मैचों में आरसीबी को हराया था, इसलिए इस बार भी इन मैचों का नतीजा अहम होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी को अपने आखिरी छह में से चार और आखिरी चार में से तीन मैच घरेलू मैदान पर खेलने को मिलेंगे, जो पहले उनके लिए चुनौती थी, लेकिन पिछले सीजन में उन्होंने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि, केकेआर के खिलाफ उनके रिकॉर्ड को देखते हुए यह आसान नहीं होगा। चोपड़ा ने केकेआर की ओर ध्यान देते हुए सुझाव दिया कि उनके लिए एकमात्र बड़ी बाधा लीग चरण के अपने अंतिम दो मैच घर से दूर खेलना हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने अन्य टीमों के शेड्यूल पर भी चर्चा की। राजस्थान रॉयल्स (आरआर), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को अपने घरेलू मैच अलग-अलग मैदानों पर खेलने होंगे, जिससे उनकी रणनीति प्रभावित हो सकती है।

विशाखापत्तनम और गुवाहाटी में डीसी और आरआर क्रमश: दो-दो घरेलू मैच खेलेंगे, जबकि पीबीकेएस धर्मशाला में अपने तीन घरेलू मैच खेलेगा। आईपीएल 2025 सीजन के लिए केकेआर और डीसी को अभी तक अपने नए कप्तान की घोषणा करनी बाकी है। इस बीच, आरसीबी ने हाल ही में रजत पाटीदार को अपना नया कप्तान नियुक्त किया, जबकि श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत को क्रमश: पीबीकेएस और एलएसजी के नए कप्तान के रूप में पहले ही घोषित किया गया था। राजस्थान को अपने घरेलू सीजन की शुरुआत जयपुर की बजाय गुवाहाटी से करनी होगी, जहां उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। इसी तरह, दिल्ली को अपने शुरुआती घरेलू मैच विशाखापत्तनम में और पंजाब को अपना आखिरी घरेलू मैच धर्मशाला में खेलना होगा, जिससे उनका घरेलू फायदा कम हो सकता है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के शेड्यूल के बारे में चोपड़ा ने कहा कि उन्हें बढ़त मिल सकती है, क्योंकि उनके पहले और आखिरी दो मैच अहमदाबाद में होंगे। उन्होंने शुभमन गिल से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

# भारत को बुमराह की कमी बहुत खलेगी:शिखर धवन

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी।

बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण आठ टीमों के इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया।

आईसीसी ने धवन के हवाले से कहा,आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी होना बहुत अच्छा अहसास है। मुझे याद है कि जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, तो मुझे यह बहुत पसंद आया था और इस टूर्नामेंट को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है।बहुत सारी अटकलें और बहुत सारी भविष्यवाणियां हैं, जो मज़ेदार है, और मैं भारत से आगे नहीं देख सकता। मुझे उन पर पूरा भरोसा है, उनके पास एक ठोस टीम है और उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ़ वनडे सीरीज़ में बहुत अच्छा खेला।

उन्होंने कहा, मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनकी कमी खलेगी और मुझे लगता है कि वे इसे बहुत दृढ़ता से महसूस करेंगे।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि बुमराह अपने अनूठी गेंदबाजी एक्शन और सटीकता के कारण प्रमुख आईसीसी आयोजनों में किसी भी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति हैं।




मेरे लिए, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ हैं, और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव का है और इस तरह के बड़े आईसीसी इवेंट में यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, धवन ने हाल ही में समाप्त हुई सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल डेब्यू करने के बाद दुबई में हर्षित के शानदार प्रदर्शन पर भरोसा जताया। उन्होंने तीन वनडे सहित चार मैचों में नौ विकेट लिए।

धवांने कहा, उसी समय, हर्षित राणा टीम में आ गया है और मुझे लगता है कि यह वास्तव में रोमांचक है - उस पर नज़र रखें, मुझे लगता है कि वह शानदार प्रदर्शन कर सकता है। मुझे उसका रवैया पसंद है, वह एक मेहनती खिलाड़ी है और उसे किसी भी चीज़ से डर नहीं लगता। वह चुनौतियों को स्वीकार करता है और हमने इंग्लैंड सीरीज में देखा है कि वह फॉर्म में है। मुझे यकीन है कि वह इस अवसर का लाभ उठाने की कोशिश करेगा और अगर वह ऐसा करता है, तो वह भारत के लिए एक वास्तविक एक्स-फैक्टर प्रदान कर सकता है।39 वर्षीय खिलाड़ी कप्तान रोहित, विराट कोहली और शुभमन गिल सहित भारतीय बल्लेबाजों के फॉर्म से खुश हैं। धवन ने कहा, भारत के लिए आशावादी होने के कई कारण हैं। उनके पास बहुत संतुलित टीम है, खासकर बल्लेबाजी में - अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। शुभमन गिल, खास तौर पर, बहुत ही निरंतर हैं और उन्हें बड़ी भूमिका निभानी है। मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेंगे। रोहित शर्मा ने फॉर्म हासिल कर लिया है, विराट कोहली भी हैं; वे एक बेहतरीन टीम हैं और उन्हें रोकना मुश्किल होगा।

पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, भारत ने पिछली चैंपियंस ट्रॉफी में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन दुख की बात है कि फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। लेकिन हमने शानदार क्रिकेट खेला।

## मंधाना के अर्धशतक से आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया

नई दिल्ली (ए)। कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यपीएल) क्रिकेट के अपने दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 141 रन बनाये। इस प्रकार आरसीबी को जीत के लिए 142 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने दो विकट के नुकसान पर ही 17 ओवरों के अंदर ही हासिल कर लिया। आरसीबी की ओर से मंधाना ने सबसे ज्यादा 81 रन रन बनाये जबकि डेनिएल वायट ने 42 ऋचा घोष ने नाबाद 11 और एलिस पेरी ने नाबाद 7 रन बनाये।इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आरसीबी की गेंदबाज रेणुका सिंह और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम के तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी ने कैपिटल्स को 141 रन पर ही आउट कर दिया। रेणुका और जॉर्जिया के अलावा किम गार्थ और एकता बिष्ट दो-दो विकेट लिए।




# विदेश समाचार

## तीन दुश्मन देशों के नेताओं का रियाद में हो सकता है आमना-सामना?



सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस सलमान तीनों को करेंगे साधने की कोशिश

रियाद,(ए)। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिलने वाले हैं। मुमकिन है कि इस दौरान तीनों नेताओं का आमना-सामना भी हो सकता है। ऐसे में इन तीनों नेताओं को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान साधने की कोशिश करेंगे यह उनके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। ऐसी भी संभावना है कि तीनों नेता रूस-यूक्रेन युद्ध विराम पर चर्चा कर सकते हैं।जेलेंस्की के प्रवक्ता ने बताया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की बुधवार को सऊदी अरब जा रहे हैं। यह दौरा रूसी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच नियोजित बैठकों के एक दिन बाद होगा। उन्होंने कहा कि ज़ेलेंस्की अपनी पत्नी के साथ सऊदी अरब की यात्रा करेंगे, जो कि एक लंबे समय से नियोजित यात्रा का हिस्सा है। ज़ेलेंस्की ने पिछले सप्ताह यात्रा का ऐलान किया था, लेकिन तारीख नहीं बताईं थी उन्होंने कहा कि उनकी रूसी या अमेरिकी अधिकारियों से मिलने की कोई योजना नहीं है।यूक्रेनियों की ओर से आधिकारिक घोषणा अमेरिकी और रूसी अधिकारियों द्वारा यह कहे जाने के बाद की गई है कि वे मंगलवार को रियाद में बैठक करेंगे, ताकि यूक्रेन युद्ध और इसे खत्म करने के उपायों पर चर्चा की जा सके। रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए तीन साल हो चुके हैं।

## लंबे समय से चल रहे यूक्रेन युद्ध पर बातचीत के लिए तैयार हुआ रूस!

यूक्रेन (आरएनएस)। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध पर विराम लगाने का समय आ गया है। जिसको लेकर अब रूस बातचीत के लिए तैयार हो गया है। क्रेमलिन का कहना है कि शीर्ष रूसी अधिकारी मंगलवार को सऊदी अरब में अमेरिका के साथ संबंधों को बहाल करने और यूक्रेन में युद्ध के मुद्दे पर बातचीत करेंगे। रूस और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और यूक्रेन युद्ध के बीच यह वार्ता वैश्विक राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल मानी जा रही हैक्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक की तैयारियों पर भी बातचीत करेंगे। पेस्कोव ने कहा कि वार्ता का मुख्य उद्देश्य 'रूस-अमेरिका संबंधों के संपूर्ण ढांचे को बहाल करना' है। इसके साथ ही यूक्रेन संकट के समाधान पर चर्चा और दोनों राष्ट्रपतियों की संभावित बैठक को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि वे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत के लिए सऊदी अरब जाएंगे।

## ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों पर जारी रहेगी रोक, लेबनान सरकार का फैसला

बेरूत (आरएनएस)। लेबनान सरकार ने ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों के निलंबन को बढ़ाने का फैसला किया, हालांकि विस्तार की अवधि स्पष्ट नहीं की। लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह फैसला राष्ट्रपति जोसेफ औन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिस्तरीय बैठक में लिया गया। मीटिंग में प्रधानमंत्री, रक्षा, विदेश, आंतरिक और परिवहन मंत्री शामिल हुए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में बेरूत के राफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर केंद्रित थी।लेबनान सरकार ने यह भी कहा कि विमान निरीक्षण के लिए सभी मौजूदा सुरक्षा प्रक्रियाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। इसके साथ ही एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए जरूरी प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बता दें पिछले सप्ताह, लेबनान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने एयर पोर्ट पर आने वाली कुछ उड़ानों के लिए अस्थायी रोक लगा दी थी जिनमें ईरान से आने वाली फ्लाइट्स भी शामिल थीं।लेबनान के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने गुरुवार को कहा था कि उसने ईरान सहित कुछ फ्लाइट्स को 18 फरवरी तक अस्थायी रूप से रिशेड्यूल किया है क्योंकि वह अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लागू कर रहा है।

# पाकिस्तान के हो जाएंगे टुकड़े-टुकड़े, 1971 जैसा होगा हाल, सांसद ने दी चेतावनी



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान सांसद और इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना फजलुर रहमान ने संसद में पाकिस्तान के फिर से टुकड़े-टुकड़े होने की बात कही है। रहमान ने पाकिस्तान को 1971 की याद दिला दी है, जब पूर्वी पाकिस्तान टूटकर बांग्लादेश बन गया था। मौलाना फजलुर रहमान ने दावा किया है कि बलूचिस्तान के पांच से सात जिले टूटकर स्वतंत्रता की घोषणा कर सकते हैं। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध का जिक्र करते हुए चेतावनी दी है कि ऐसी ही स्थिति एक बार फिर बन सकती है।

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में खुलासा किया कि अगर बलूचिस्तान के जिले स्वतंत्रता की घोषणा करते हैं तो यूएन उनकी स्वतंत्रता को मान्यता दे सकता है। इसके अलावा सेना पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ ताकतवर लोग बंद कमरों में फैसले करते हैं, जिसे सरकार को मानना पड़ता है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र कुर्रम में फिर से हिंसा भड़क गई है। पाकिस्तान में दशकों तक यह इलाका शिया-सुन्नी संघर्ष का केंद्र रहा है। नवंबर में शुरू हुई नई लड़ाई में अब तक 150 लोगों की मौत हो गई है। यह पाकिस्तान का पहाड़ी इलाका है, जो अफगानिस्तान की सीमा से सटा है। भारी हथियारों से लैस लड़ाकों की झड़पों से यह लगभग दुनिया से कट चुका है। कई बार सीजफायर की कोशिश की गई, लेकिन हिंसा थमी नहीं है।

बता दें कि जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पिछले महीने कहा था कि पाकिस्तान सरकार ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में पूरी तरह से अपना नियंत्रण खो दिया है, जिससे बीते दो दशकों में बड़े पैमाने पर पलायन हुआ है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सभी हितधारकों से समाधान खोजने की अपील की और चेतावनी दी कि अगर संकट का समाधान नहीं हुआ तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी शासन कमजोर होता है, वहां भौगोलिक अस्थिरता पैदा होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की पॉलिसी से जुड़े फैसले बंद कमरों में होते हैं। फजलुर रहमान ने सदन में कहा कि अगर मैं प्रधानमंत्री से पूछूं कि बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा या फिर कबायली इलाकों में क्या हो रहा है, तो वे शायद यही कहेंगे कि उन्हें नहीं पता। बिना सेना का नाम लिए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कोई भी सिविलियन सरकार का कंट्रोल नहीं है। पाकिस्तान में एस्टैब्लिशमेंट है, जो बंद कमरों में खास फैसले करते हैं और सरकार को उसपर अंगूठा लगाना पड़ता है।

## कनाडा के टोरंटो में बड़ा हादसा : लैंडिंग के दौरान विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त; 80 यात्री थे सवार



टोरंटो (आरएनएस)। कनाडा के टोरंटो में मिनियापोलिस से आ रहा डेल्टा फ्लाइट का एक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी 80 यात्री चमत्कारिक रूप से बच गए। जब विमान रनवे पर उतरा, तो वह नियंत्रण खो बैठा और टकराने के बाद उसका एक विंग टूट गया। इसके बाद विमान पलट गया। इस दौरान चालक दल के सदस्यों ने सतर्कता दिखाते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। दुर्घटना में एक बच्चे समेत 18 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से दो की हालत गंभीर है लेकिन उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। दुर्घटना के वीडियो में नजर आया कि चालक दल के सदस्य यात्रियों को बर्फ से ढके हवाई क्षेत्र में विमान से बाहर निकाल रहे थे, जबकि अग्निशमन कर्मी विमान और उसके आसपास के क्षेत्र को आग लगने से बचाने के लिए फोम से ढकने का प्रयास कर रहे थे। यह विमान कनाडा में निर्मित एम्ब्रेयर सीआरजे-900 था, जिसका संचालन डेल्टा एयरलाइंस की सहायक कंपनी एंडेवर एयर कर रही थी। यह घटना असामान्य थी, क्योंकि बड़े यात्री विमानों का इस तरह पलटना दुर्लभ माना जाता है। कनाडाई परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस दुर्घटना की गहन जांच करेगा, जिसमें अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड की भी सहायता ली जाएगी। डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बास्टियन ने एक बयान जारी कर कहा कि वे घटना के सभी विवरणों की पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं और नवीनतम जानकारी उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर साझा की जाएगी। कनाडा की मौसम सेवा के अनुसार, हादसे के वक्त हवा की रफ्तार 61 किलोमीटर प्रति घंटे थी।


### संसद में झूठ बोलना सांसद को पड़ा महंगा, जेल जाने के साथ लगा लाखों रुपए का जुर्माना

सिंगापुर (आरएनएस)। सिंगापुर के भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को अदालत ने संसदीय समिति के सामने शपथ लेकर झूठ बोलने के दो मामलों में दोषी पाया। उन पर इसके लिए 14,000 सिंगापुर डॉलर यानि करीब 9 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया। सिंगापुर का संविधान कहता है यदि किसी मौजूदा सांसद ने संसद में झूठ बोला तो यदि उसे कम से कम एक साल की जेल हो जाती है या कम से कम 10,000 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया जाता है, तो वह अपनी सीट खो देगा। चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी हो जाएगा। लिहाजा सिंगापुरी सांसद इस कठोर सजा से तो बच गए। सिंगापुर के चुनाव विभाग ने पुष्टि की कि सिंह पर लगाई गई सजा उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य ठहराने की सीमा तक नहीं पहुंचती। अब वह अगला चुनाव लड़ सकते हैं। 48 वर्षीय सिंह को एक संसदीय समिति के समक्ष झूठी गवाही देने का दोषी पाया गया, जो वर्कर्स पार्टी के पूर्व सांसद रईस खान के आचरण की जांच कर रही थी, जिन्होंने यौन उत्पीड़न पीड़िता के साथ पुलिस स्टेशन जाने की कहानी गढ़ने की बात स्वीकार की थी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत ग्राम जताखेड़ा में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 266 वर-वधु





सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अन्तर्गत सीहोर जनपद के ग्राम जताखेड़ा में सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में 266 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे। इसमें 229 निकाह शामिल हैं। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने विवाह सूत्र में बंधे नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया तथा भावी जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों को 49 हजार रूपए राशि के चेक प्रदान किए। अनेक जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर बालागुरू के ने सभी नव दंपत्तियों को भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री लड़ली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना शुरू हुई है, तब से बेटियॉं बोझ नहीं बल्कि वरदान बन गई हैं। अब बेटी के जन्म पर खुशियॉं मनाई जाती हैं। हर माता-पिता का सपना होता है कि बेटी की शादी धूमधाम से करें, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण यह संभव नहीं हो पता। गरीब माता-पिता के इस सपने को प्रदेश सरकार साकार कर रही है और अब बेटियों की शादी धूमधाम से हो रही है। उन्होंने कहा की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और महिलाओं के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना चलाकर प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को 1250 रूपये प्रति माह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए अनेकों हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया गया। उन्होंने कहा कि गरीबों के स्वयं के पक्के घर के सपने को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। जनता की भलाई के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का वर्चस्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है।

## अधिवक्ताओं की बैठक एवं जागरूकता शिविर आयोजित



सीहोर (निप्र)। प्रधान जिला न्यायाधीश एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली आगामी नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा क्लेम प्रकरणों, सिविल प्रकरणो, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, चैक बाउंस प्रकरणों तथा अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण करने के लिए एडीआर भवन के सभाकक्ष में अधिवक्ताओं की प्रिसिटिंग बैठक एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक एंव जागरूकता शिविर में नेशनल लोक अदालत में रखे गये राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर निराकरण के सम्बंध में प्रयास करने तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के सम्बंध में जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं से चर्चा की गई। बैठक में विशेष न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एम के वर्मा, अभिभाषक संघ अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सचिव राजेश वर्मा, विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान सहित अभियोजन अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, गोविन्द नेत्रालय द्वारा लगाए गए नेत्र शिविर में जांची 200 लोगों की आंखें



सीहोर। गोंविद नेत्रालय एवं गोंविद फर्टिलिटी सेंटर की टीम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में नेत्र शिविर का आयोजन किया। नेत्र शिविर में टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर में 200 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित शेरपुरा में इस मौके पर गोविन्द नेत्रायल की ओर से यहां पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर के दौरान यहां पर 60 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच कराई। जिसमें चालीस लोगों को नेत्र रोग संबंधित बीमारी के अलावा दो बुजुर्ग महिलाओं मोतियाबिंद बताया गया। जिसका इलाज नेत्रालय में किया जाएगा। शिविर में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए नेत्र सर्जन एवं नेत्र विशेषज्ञ वरिष्ठ डॉ.जितेन्द्र मंघानी ने कहा कि समय रहते आंखों का इलाज कराने से आपकी आंखों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हो सकता है, आपकी आंखें सुरक्षित हो जाती है। जीवन में सेवा भाव के कारण ही हम गरीब, जरूरतमंद एवं निशक्तजनों की भलाई का काम कर सकते है। हम अपने जीवन में अच्छाइयों को भरते जाएंगे तो बुराइयां अपने आप ही बाहर निकल जाएंगी। रोगियों को अपनी बीमारी का धैर्य पूर्वक इलाज कराना चाहिए। सभी को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन को भी मानसिक रूप से मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नेत्रालय के द्वारा सीहोर जिला ही नहीं अन्य जिलों के मरीजों के लिए भी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा गोंविद फर्टिलिटी सेंटर की टीम के द्वारा भी जागरूकता शिविर लगाए जा रहा है। गोविन्द नेत्रालय स्थित गोविन्द फर्टिलिटी सेन्टर क्लीनिक में आईवीएफ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ. अमरजीत मंधानी की टीम मरीजों को जानकारी दे रही है।

# आईईएस पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन ग्राजुएशन सेरेमनी का आयोजन





## ग्रेजुएशन सेरेमनी में आईईएस स्कूल के छात्रो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की धमाकेदार प्रस्तुति

सीहोर (निप्र)। आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा छात्रो के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल के सभागार में किया गया। ग्राजुएशन सेरेमनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती माया सिंह, टाउन इंस्पेक्टर, सीहोर एवं प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह, चेयर पर्सन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर द्वारा किया गया। श्रीमती माया सिंह, ने अपने प्रोत्साहन भरे शब्दों से युवा शिक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को प्रेरित किया एवं उन्होंने नन्हे स्नातकों को एक उज्वल और सफल भविष्य की ओर पहला कदम उठाने पर हार्दिक बधाई दी। आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित ग्राजुएशन सेरेमनी उत्साह से भरा हुआ था, क्योंकि नन्हे स्नातकों ने विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दिव्य सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना के साथ हुई जिसमें उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद मांगा गया। इसके बाद एक जीवंत हिप-हॉप नृत्य ने कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। दिन का मुख्य आकर्षण ग्रह-थीम वाला एक नाटक था, जिसमें शिक्षा में पढ़ने और लिखने के महत्व पर जोर दिया गया। ग्राजुएशन सेरेमनी में केजी-2 के छात्रो को स्नातक प्रमाण पत्र के साथ ट्रॉफी भी प्रदान किए गई। साथ ही साल भर की गतिविधियो द्वारा छात्रो को मोस्ट चाइल्ड, एथलिट ऑफ़ द ईयर, मोस्ट प्रॉमिसिंग स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर, 100 प्रतिशत अटेंडेंस, मोस्ट कॉफिडेंट, बेस्ट आल राउंडर आदि अवार्ड से भी नवाजा गया। अंत में प्रोफ (श्रीमति) मनीषा कवाथेकर, डाइरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा उपसतिथ सभी पैरेंट्स का आभार व्यक्त किया गया एवं ग्राजुएशन प्राप्त करने वाले सभी नन्हें मुंहे बच्चो को बधाई दी।

# भव्य शिव बारात की तैयारियां तेज,आठ राज्यों के कलाकार देंगे प्रस्तुति

### दर्शनीय एवं ऐतिहासिक होगा नगर में भगवान भोलेनाथ की बारात का आयोजन-राजीव गुजराती

सीहोर (निप्र)। शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में भव्य अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात की युद्ध स्तर पर पर तैयारीया की जा रही है। चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह मे भगवान भोले नाथ की बारात 26 फ़रवरी को शाम 4:00 बजे श्री बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बे में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ संपन्न होगी। भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया की चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। शिवरात्रि उत्सव से नगर में एक अलग ही आलौकिक माहौल रहता है इस दिन शिवालयों में पूजा अर्चना की जाती है वही नगर में एक भव्य चल समारोह महाशिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में निकाला जाता है। महाशिवरात्रि उत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव गुजरती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह ने अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है, हज़ारो की संख्या में शिव भक्त बाराती के रूप में शामिल होते है, इस वर्ष भी समिति द्वारा भगवान भोले नाथ की बारात तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। भव्य शिवबारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य चल समारोह धर्ममय माहौल में निकाला जाएगा। इस चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। शिव बारात चल समारोह में इस वर्ष भी इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव पर देश भर के कलाकार आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे, कार्यक्रम में बॉलीवुड फ़ेम रोहन रुद्राक्ष एण्ड ग्रुप दिल्ली, श्री हनुमंत ध्वज परहक, महाकाल कला समूह कोटा राजस्थान,नितिन गिल आर्ट ग्रुप पंजाब,कृष्णा जी म्यूजिक ग्रुप दिल्ली, महाकाल भक्त मण्डल बेरागढ़, इन्दौर, भोपाल, बैरसिया, की आकर्षक झाकियां, वृंदावन की रासलीला, राजस्थान का घुमर,12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन बाबा महांकाल के दर्शन,वीर गुप्ता अघोरी ग्रुप हरियाणा की प्रस्तुति दी जाएगी,महाकाल आर्ट ग्रुप कोटा, वहीँ इंदौर के कलाकारों द्वारा बाबा महाकाल की झांकिया कार्यक्रम में सुंदरता अपने रंग बिखेरेंगी, स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई जा रही भगवान भोलेनाथ के आदि योगी स्वरूप की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तो को 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे




## फूड़रा के ग्रामीणों ने लगाया आरोप दूसरी हुआ सर्वे

सीहोर (निप्र)। जनसुनवाई में पहुंचे जावर तहसील के ग्राम फुडरा के ग्रामीणों ने सर्वे करने वाली सरकारी एजेंसी पर शिकायत के बाद दूसरी हुए सर्वे में भी विस्थावितों की सूची में नाम नहीं जोडने् का आरोप लगाया है। दूधी नदी पर कान्याखेड़ी जलाशय बनकर तैयार हो गया है बारिश में पानी भराव होते ही फूडरा के 20 से अधिक ग्रामीणों के मकान जमीन सबकुछ डूबने की संभावना है इस के बावजूद अबतक मुआवजा राशि और भूमि आवंटन के लिए बनाई बनाई गई सूची में ग्रामीणों के नाम शामिल नहीं किए गए है।कलेक्ट्रेट पहुंचकर डूब में आ रहे फूडरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर बालागुरू के को ज्ञापन देकर बताया की हमारे मकानों का पूर्व में विस्थापन के लिए सर्वे किया गया था जिस में 40 मकानों को शामिल किया गया था। लेकिन विस्थापन और मुआवजा सूची में क्षेत्र के लगभग 15 ग्रामीणों के नाम ही नही है। अनेक मकान ऐसे भी है जिन में आने जाने का रास्ता ही जलाशाय के डूब क्षेत्र में आ गया है।

## आज प्राचीन श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से महाकुंभ के लिये रवाना होगी बस

सीहोर (निप्र)। प्राचीन श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर छावनी से पुनः प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब यहॉ मंदिर समिति से जुड़े भक्तजनों का एक बड़ा दल महाकुंभ की धार्मिक यात्रा के लिये रवाना होगा।

समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि मंदिर से जुड़े भक्तों की भावना थी कि महाकुंभ के लिये एक बस यात्रा निकाली जाये। इसी को ध्यान में रखते हुए 19 फरवरी को शुभ मुहूर्त में महाकुंभ के लिये भक्तों की एक बड़ी टोली जिसमें करीब 60 से अधिक शामिल रहेंगे प्रयागराज के लिये रवाना होंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं के लिये भोजन-पानी की समुचित व्यवस्था भी जुटाई है।

श्री राय ने बताया कि श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर की पुन- प्राण-प्रतिष्ठा के बाद माता गंगा जी के पवित्र जल से अभिषेक करने का संकल्प समिति सदस्यों ने लिया था इसी क्रम में सभी भक्तगण गंगाजल साथ लाकर यहॉ गंगाजल से सामुहिक अभिषेक करेंगे।



## 14 अप्रैल बाबासाहेब अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

सीहोर (निप्र)। बाबा साहब अंबेडकर धर्मशाला भोपाल नाका सीहोर में दिनांक 17 फरवरी 2025 को बहुजन उत्सव समिति सीहोर एवं सभी अंबेडकर अनुयायी संघठनों के तत्वाधान में बाबा साहब अंबेडकर की संयुक्त जयंती महोत्सव मनाने हेतु मीटिंग का आयोजन बहुजन उत्सव समिति के अध्यक्ष लाल सिंह बौद्ध की अध्यक्षता में किया गया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से बाबा साहब की जयंती प्रतिवर्ष अनुसार हर्सोल्लास से मनाने का निर्णय लिया या इसका प्रचार प्रसार सारे जिले में किया जाएगा एवं आगामी बैठक 23-फरवरी25 रविवार को प्रातः 10:00 बजे से बाबासाहेब अंबेडकर धर्मशाला भोपाल नाका सीहोर में रखी जाएगी बैठक में 14 अप्रैल 2025 कार्यक्रम के अध्यक्ष चल समारोह अध्यक्ष और मुख्य अतिथियों को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी,बैठक में प्रमुख रूप से नीरज जाटव ,लाल सिंह कटारिया, गेंदालाल सूर्यवंशी ,महेश सूर्यवंशी, विकी महोबिया, प्रवेश परिहार, जितेंद्र मंगलौरिया, एमपी सागर फौजी ,सचिन जाटव ,अंकित मंगरोलिया, विजय अहिरवार, हरि परिहार ,पवन कुमार, हरि परिहार ,प्रेम नारायण गोलियां, योगेश बौद्ध ,कपिल चौधरी ,नीरज जेवरिया ,नरेंद्र सिमौले ,आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## रामस्वरुप मालवीय सीहोर जिला अध्यक्ष नियुक्त

सीहोर (निप्र)। अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज संघ सीहोर के जिला अध्यक्ष पद पर रामस्वरूप मालवीय नेताजी श्यामपुर को सीहोर जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर मालवीय बलाई समाज के लोगों द्वारा बधाई और शुभकामनाए दी बधाई देने वालों में बाबूलाल मालवीय प्रांतीय संयोजक, अनार सिंह मालवीय संस्थापक, राजेश मालवीय चल समारोह अध्यक्ष, डॉ आर आर मालवीय, कमल सिंह जी मालवीय कवि, संजय मालवीय ,धर्मेंद्र मालवीय, हरिचरण मालवीय ,मनोहर सिंह मालवीय, सत्यनारायण मालवीय ,मुन्ना लाल मालवीय ,प्रेम नारायण मालवीय, मदन लाल मालवीय आदि।

# हर हर गंगे-हर घर गंगे, 20 को निकाली जाएगी मां गंगे कलश यात्रा

सीहोर। प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हमारे क्षेत्र ही नहीं देश और विदेश के करोड़ों लोगों के साथ साधु-संतों ने आस्था के साथ स्नान किया है। नगर पालिका के द्वारा आगामी 20 फरवरी को हर-हर गंगे-हर घर गंगे मां गंगे कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों को अपने संदेश में कहा कि आगामी 20 फरवरी को सुबह दस बजे शहर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर से प्रयाग राज से आने वाले कलशों को द्वारा पूर्ण विधि-विधान से बैंड बाजे के साथ यात्रा निकालेंगे। इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के अलावा शहर के सभी साधु, संतों और विप्रजनों के द्वारा शहरवासियों की जीवनदायनी सीवन नदी के अलावा महाकुंभ के पानी को वाहनों के द्वारा काहरी डेम, जमोनिया जलाशय के अलावा भगवानपुरा जलाशय में आस्था के साथ समर्पित किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका के सभाकक्ष में बड़ी संख्या में पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने बैठक कर निर्णय लिया है। इस निर्णय के आधार पर इस पुनित कार्य को किया जाएगा। बड़ी संख्या में महाकुंभ से विशेष वाहनों से इन कलशों को लाया जा रहा है। जलाशयों के अलावा हर वार्ड के बावडी अन्य जल स्त्रोतों में समर्पित किया जाएगा।



इस संबंध में सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि महाकुंभ के शुभ अवसर पर तीर्थराज प्रयाग से त्रिवेणी संगम के जल का कलश में आगमन हमारें नगर में हाने जा रहा है इस शुभ अवसर पर सिद्धपुर के राजा मनकामेश्वर मंदिर में त्रिवेणी जल (गंगा जल) से अभिषेक उपरांत पावन कलश (गंगा जल) का जल नगर के जल स्त्रोत सीवन नदी, जमोनिया जलाशय, काहरी डेम, भगवानपुरा जलाशय एवं नगर के मुख्य जल स्त्रोत में मानव कल्याण हेतु प्रवाह किया जाएगा। मान्यता है कि गंगाजल के सम्पर्क में आने वाला साधारण जल भी गंगा जल की तरह पवित्र और पावन हो जाता है हमारी मनशा है कि गंगाजल सीहोर के प्रति एक घर तक उपलब्ध कराया जाए, ताकि हमारी शहर की जनता अपने घर पर ही कुंभ स्नान का पुण्य लाभ ले सके। मेरा आप से अनुरोध है कि इस पावन कार्यक्रम में सहभागिता बनकर पुण्य फल प्राप्त करें। रहवासियों के लिए %हर हर गंगे-हर घर गंगे' पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत प्रयागराज महाकुंभ का पवित्र गंगा जल पहुंचाया जाएगा। इस गंगा जल को विशेष रूप से प्रयागराज से लाया गया है और हमारे नलों से सप्लाई होने वाले जलाशयों में डाला जाएगा। महाकुंभ के पावन अवसर पर प्रयागराज से गंगाजल मंगवाया जा रहा है। महाकुंभ प्रयागराज का यह पवित्र गंगा जल विशेष रूप से क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए जल आपूर्ति लाइनों के माध्यम से सप्लाई किया जाएगा। इससे प्रत्येक नागरिक अपने घर पर ही स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकें एवं धार्मिक कार्यों में भी इसका उपयोग कर सकें। गंगा जल हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व रखता है। इसे पवित्र और मोक्षदायी माना जाता है। महाकुंभ का गंगा जल प्राप्त करना भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

## रैम्प योजना के तहत एक दिवसीय एमएसएमई कार्यशाला आयोजित

सीहोर (निप्र) मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा जिले में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रदर्शन को सुधारने और उन्हें नई दिशा देने के उद्देश्य से रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत सीहोर स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के प्रमुख उद्यमी और उद्योग संघों के सदस्य शामिल हुए। कार्यशाला में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा एवं एमएसएमई डीएफओ राज कुमार मोहनानी ने रैम्प योजना के उद्देश्यों और इसके तहत स्थानीय उद्यमों के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा मध्य प्रदेश सरकार की भूमिका और इस योजना से उद्योगों को होने वाले लाभ के बारे में भी बताया। कार्यशाला में भारतीय गुणवत्ता परिषद के विशेषज्ञ वेद प्रकाश शर्मा ने ज़ेड जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट योजना के बारे में जानकारी देते हुए उद्योगों के लिए उच्च गुणवत्ता और पर्यावरणीय प्रभाव में कमी लाने के उपायों के बारे में बताया।






स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com